

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर


# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 16 अंक :198 29 जनवरी, 2022 मूल्य : 30/-प्रति



## नारी उत्थान की महानायिका, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

# माता सावित्री बाई फूले




क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फूले स्मृति भवन, पूणे



क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फूले की रसोई



क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फूले जन्म स्थल

# सामाजिक आयोजन की झलकियां







सैनिक क्षत्रिय माली सांस्कृतिक संवर्धन एवं इतिहास शोध संस्थान द्वारा राजस्थान के संत शिरोमणी पुस्तक का विमोचन एवं श्रीमती गीता माली को गोरां धाय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित करते अतिथिगण

## माली संस्थान, जोधपुर एवं श्री नारायण सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह आयोजन की झलकियां









माली सैनी समाज

माली सैनी समाज का राष्ट्रीय महा जनगणना मोबाइल ऐप डॉउनलोड कर अपने परिवार की जानकारी अवश्य जोड़े।

माली सैनी समाज

## संपादक की कलम से...

# नव वर्ष पर ले प्रण :

# स्वस्थ रहे शिक्षित बने संगठित रहे

समाज के विकास का मूल मंत्र है स्वस्थ रहना, शिक्षित बनना व संगठित रहना। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है, स्वस्थ मस्तिष्क होगा तो शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ बनेंगे। विवेकशील बनेंगे तो श्रेष्ठ निर्णय शक्ति का विकास होगा। उच्च विचारों से युक्त अपना मानव जीवन एक आदर्श इंसान का निर्माण कर सकेगा। अपने जीवन में व्याप्त कुटिलताएं, राग, द्वेष, ईर्ष्या, एक दूसरे को नीचा दिखाने की भावनाएं समाज के संगठन में बाधा बनी हुई है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, शिक्षित नहीं होगा तो समाज के विकास में अवरोध बना रहेगा। इसका परिणाम हमारे सामने है, हमारा जीवन स्तर दूसरे समाजों की तुलना में काफी पिछड़ा हुआ है। समाज को जाग्रत करने के लिए विद्वान व बुद्धिजीवी वर्ग पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहे है। इसमें प्रारम्भ से आज तक माली सैनी संदेश जैसी समाज की पत्रिका ने समाज को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में माली सैनी संदेश अपनी विवेकशील दृष्टि व उदार व्यवहार से समाज में परिवर्तन व जाग्रति ला रही है।

समाज को आगे बढ़ाने व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी प्रकार के आपसी भेदभाव भुलाकर संगठित होकर आगे बढ़ें। मौजूदा समय में युवा वर्ग शिक्षा से दूर कुव्यसनों व नशे से सराबोर हो रहा है यह गहन चिन्तन का विषय है। आज का छात्र/ युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। समाज में सामुहिक विवाह एक आदर्श एवं हर स्तर के परिवार के लिए सराहनीय कदम है। सामुहिक विवाह में अधिक से अधिक जोड़ों को सम्मिलित करके एक उदाहरण प्रस्तुत करें। बाल विवाह कानूनन जुर्म है, बाल विवाह रोकें एवं अन्य को रोकने को प्रेरित करें। हमारे समाज में दहेज प्रथा व टीका दस्तुरी का भी कुछ धनी परिवारों में प्रचलन चल रहा है। विवाह में दिखावे के लिए पैसा पानी की तरह बहाया जाता है। इसी प्रकार मध्यम वर्ग के व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी उनकी देखा-देखी करते है व कर्ज में डूब जाते है। इन बुराइयों से हमें बचना है ताकि उस राशि को बच्चों की शिक्षा पर व समाज के विकास में लगा सके तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा व अपना स्थान अन्य समाजों की तुलना मेंअपनी पहचान बना सकेगा।

राजनीति के क्षेत्र में भी हमारा प्रतिनिधित्व नहीं के बराबर है। हमें आपसी फूट व पार्टीबाजी में पड़कर एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति से भी बचाना पड़ेगा। चाहे किसी भी पार्टी का हो यदि योग्य व समाज के प्रति समर्पित हो तो सभी प्रकार के भेदभाव भुलाकर उन्हें सहयोग दें। फूट का परिणाम हम कई बार भुगत चुके हैं। हमारे समाज में मतदाताओं की संख्या कम नहीं है लेकिन अलग-अलग बंटे रहने से मतदाताओं की संख्या कम नहीं है लेकिन अलग-अलग बंटे रहने से टीम किसी भी पद पर पहुंचने में असमर्थ रहते है, कुछ अपवाद छोड़कर। हमारे समाज में योग्य व बुद्धिजीवी लोगों को कमी नहीं है मात्र संगाठित होकर उन्हें समर्थन देने की आवश्यकता है। एक दूसरे की टांग खिंचाई बन्द करें सुख-दु:ख में सहायता करें, अभी हम दूसरों के पीछे चलकर ही तो हमारा स्वाभिमान खोते जा रहे है। हीन भावना का त्याग करें। जब मन में दृढ़ संकल्प कर लें तो राह के शूल भी फूल बन जाते है। अत: संकटों से घबरा कर प्रयास नहीं छोड़ने चाहिए। जो व्यक्ति केवल काम के आरम्भ को देखता है वह अंधा है, जो परिणाम को ध्यान में रखे व बुद्धिमान है। कमजोर आदमी हर काम को असम्भव समझाता है और आशावादी हर असम्भव कार्य को साधारण समझता है। संगठन में वह शक्ति है कि नन्हीं चींटियाँ अपने से दस गुने वजन को उठाकर ले जाती है, हमें चींटियों से प्रेरणा लेनी है- अत: सबके साथ अच्छा व्यवहार। जिस काम को करने से आत्मा मना करे उस काम को ना करें। यदि देखना है तो दूसरों के गुण देखिये और कुछ छोड़ना है तो अपनी कमजोरियं छोड़िये। क्रोध व अहंकार विनाश का कारण है।

**आईए! नव वर्ष के अवसर पर आज शपथ लेते हैं कि अपने आने वाली पीढ़ी को शिक्षित, संस्कारित व संगठित करेंगे। समाज के विकास के लिए संघर्ष करते रहेंगे।**



**मनीष गहलोत**
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# माता सावित्री बाई की 191वीं जयंती पर देशभर में हुए आयोजन

## रक्तदान, बालिका सम्मान, प्रतिमा अनावरण के साथ ही सामाजिक सरोकार के अनेकों कार्यक्रम



**सावित्री बाई फूले जयंति पर 753 यूनिट रक्तदान, 191 महिलाओं एवं बालिकाओं का भी रहा अपूर्व सहयोग**

**श्रीमाधोपुर।** देश की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फूले की जयंती पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर लगे व प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। श्रीमाधोपुर द्य सर्वसमाज श्रीमाधोपुर द्वारा मां सावित्री बाई फूले की 197वीं जयंती पर सोमवार को सीकर बाजार में लगे शिविर में 753 यूनिट रक्तदान किया गया। सात घंटे में पांच ब्लड बैंकों की टीम ने ब्लड संग्रहित किया। इनमें 191 महिलाओं व युवतियों ने भी रक्तदान किया। एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ ने भी रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी कालीदास स्वामी, बीसीएमओ डश्. जेपी सैनी, थानाधिकारी करणसिंह खंगारोत, हेमंतदास महाराज, पूर्व वैज्ञानिक सौताराम सैनी, बावड़ी आश्रम महंत ओंकारदास, पूर्व बीईईओ साधुराम सैनी, सेनि गिरदावर सुवालाल सैनी ने दीप जलाकर किया।

रमेश सैनी ने 45वीं बार तो शंकर सैनी ने 28वीं बार रक्तदान किया। आयोजन समिति के महेश सैनी व सुरेश सैनी ने बताया कि इस मौके पर डॉ. माधव सिंह, डॉ. पूरणमल सैनी, राजू बागवान, बलदेव सैनी, पवन स्वामी, पूर्व पार्षद दयाराम सैनी, मोहरसिंह खर्ग, इंद्रजीत बिजारणियां, डॉ. सुदर्शन सैनी, डॉ. मुकेश बल्डवाल, गोपाल सैन, खेलगांव के कोच बिरजू सामोता, डॉ. सीएल सैनी, पार्षद मदन चौहान, विनेश सैनी, पीडी सैनी, हिमांशु कसेरा, मुकेश सैनी, डॉ. मुकेश सैनी, के. के. मंगलम, मनोज इंदौरा, अशोक सोनी, सुभाष गढ़वाल, केदार सैनी, सागरमल आदि ने सहयोग किया। रक्तदाताओं को उपहार स्वरूप हेलमेट दिया गया।

### सावित्री बाई फूले की जयंती नेशनल टीचर दिवस मनाई, समाज भवन हेतु 21 लाख का चेक भेंट

**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान में ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फूले की 191 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष गंगाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, महासचिव पूनमचंद कच्छावा, कोषाध्यक्ष राम अवतार सिंगोदिया, जुगल किशोर सैनी चेयरमैन भवन निर्माण समिति को संस्थान की ओर से जयपुर में महात्मा फूले भवन बनाने के लिए रुपए 21 लाख का अनुदान हेतु चेक भेंट किया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती धीरज सांखला ने बताया कि इस अवसर पर महाराष्ट्र से आई हुई श्रीमती कविता म्हेत्रे (प्रोफेसर) ने सावित्रीबाई फूले का एक पात्री नाटक का मंचन किया जिस पर उपस्थित जन समुदाय ने हर्ष ध्वनि के साथ उनके अभिनय पर सम्मान किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का अभिनंदन किया गया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली बालिकाओं, महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। समारोह में नगर निगम जयपुर हेरीटेज की महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर मुख्य अतिथि ने सावित्रीबाई फूले के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुमित्रा सैनी चेयरमैन चिड़ावा नगर पालिका, श्रीमती गीता सैनी चेयरमैन,खेतड़ी नगर पालिका, श्रीमती रश्मि सैनी चेयरमैन जयपुर ग्रेटर निगम थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सीता भाटी ने की। श्रीमती रेनू सैनी को महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान जयपुर शहर की महिला विंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जयपुर शहर अध्यक्ष सीताराम सैनी एवं उनकी कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाया गया। आयोजन में सर्वश्री मांगीलाल पवार पूर्व अध्यक्ष, ज्ञान चंद सैनी संरक्षक, मोतीलाल सांखला (मोती बाबा), छुट्टन लाल सैनी प्रदेश अध्यक्ष (राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा) हनुमान प्रसाद सैनी उपाध्यक्ष संस्थान, ग्यारसी लाल सैनी उपाध्यक्ष मुख्यालय सहित अतिथियों ने सावित्रीबाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। अध्यक्ष अनुभव चंदेल ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि संस्थान में शीघ्र ही 'महात्मा फूले भवन' बनाकर सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनाया जाएगा। महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान दिल्ली के महासचिव रामनारायण चौहान ने आयोजन की सफलता पर बधाई प्रेषित की।

इस अवसर पर डॉक्टर जी एल. वर्मा, मनफूल सिंह सैनी,अध्यक्ष (सिविल राइट सोसायटी), सुरेश सैनी, अध्यक्ष (नागरिक अधिकार संस्था), राजू लाल सैनी अध्यक्ष (कर्मचारी अधिकारी संस्था), रोशन लाल सैनी अध्यक्ष, जयपुर जिला माली समाज, लक्ष्मण सैनी (जिलाध्यक्ष अलवर), नेकीराम सैनी (जिलाध्यक्ष झुंझुनू), हजारी लाल सैनी, भंवरलाल मालाकार (पार्षद), रवि सैनी (पार्षद),डॉक्टर जगदीश सैनी, सुरेश सैनी (रेलवे) सुशील सैनी, बंशीधर सैनी संजीव कुमार, भवानी मल अजमेरा, संतोष सैनी, राजेंद्र करोड़िया, सहित समाज के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रही।

### माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा का अनावरण

**जोधपुर।** देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर निगम उत्तर की ओर से वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांगर चौक में स्थापित की गई सावित्री बाई फूले प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी और महापौर उत्तर कुन्ती देवड़ा परिहार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही, वहीं उपमहापौर अब्दुल करीम जॉनी कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

राजसीको के निदेशक सुनील परिहार, समाजसेवी जसवंत सिंह कच्छवाहा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कच्छवाह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी ने बताया कि सावित्री बाई फूले देश की पहली महिला शिक्षिका थी। उन्होंने बताया कि जिस समय महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता था , उस समय सावित्रीबाई फूले ने देश की पहली महिला शिक्षिका होने का गौरव हासिल किया महापौर उत्तर कुन्ती देवड़ा परिहार ने बताया

कि सावित्री बाई फूले ने हमेशा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उन्हीं के प्रयासों से आज महिलाओं को समानता का अधिकार मिला है। शहर में सावित्रीबाई फूले की कोई प्रतिमा नहीं थी और लगातार विभिन्न स्वयंसेवी संगठन इसके लिए मांग कर रहे थे। इस को ध्यान में रखते हुए नगर निगम उत्तर ने श्री वैदिक कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यह प्रतिमा स्थापित की है। इस अवसर पर श्री वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष महेश गहलोत उपाध्यक्ष शिव भाटी, सचिव माधव सिंह सांखला, कोषाध्यक्ष प्रमोद कच्छवाह,पार्षद अरविंद गहलोत,एसई पीएस तंवर, सीएसआई चौनसिंह, एक्सईएन सुरेश जैन, नरेश सांखला, विद्यालय की प्रिंसिपल मधुबाला परिहार, वेदिक इंटरनेशनल स्कूल की उप प्रधानाचार्य मीनाक्षी सोनी सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फूले की जीवन शैली पर आधारित नाट्य मंचन आयोजित

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा आज उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर में पहली बार देश की पहली शिक्षिका एवं शिक्षा की ज्योति माता सावित्रीबाई फूले की जीवन शैली पर आधारित नाट्य मंचन आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश प्रदेश से कई महान हस्तियों समेत सर्व समाज के महिलाओं को पुरुषों ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री जसवंत सैनी ,ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिलबाग सैनी, राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार सैनी, प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सिंह सैनी, प्रदेश महामंत्री डॉ. हंसराज सैनी, प्रदेश अध्यक्ष महिला बबीता सैनी महात्मा ज्योतिबा फूले और माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। जनमंच हाल में आयोजित नाट्य मंचन दिनेश तेजान एवं रविन्द्र तेजान के निर्देशन में गीता चौहान ने सावित्री बाई फूले के किरदार की शानदार भूमिका निभाई। नाटक का मंचन देख कर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग न सिर्फ भावुक हो गए बल्कि खूब प्रसंसा की। एनएसएस मैमोरियल स्कॉलरशिप पांच मेधावी छात्राओ को 5000-5000 की नगद धनराशि एवं प्रशस्ति देकर उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जसवंत सैनी, मेयर संजीव वालिया, आयुष मंत्री धर्म सिंह सैनी के प्रतिनिधि चरणसिंह सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी समेत सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढा कर सम्मानित किया। इस दौरान हम और आप समाज सेवा समिति की ओर से लड़कियों की सुरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस और मॉडलिंग का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में संगठन पदाधिकारियो ने छात्राओं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिलबाग सैनी ने बताया कि माता सावित्रीबाई फूले देश की प्रथम शिक्षिका रही हैं जिन्होंने महिलाओं को न सिर्फ शिक्षा का अधिकार दिलाया बल्कि समाज में फैली कई बुराइयों से भी छुटकारा दिलाया था। माता सावित्रीबाई फूले की ही देन है कि आज देश की महिलाएं उच्च पदों पर कार्य कर रही है। सोमपाल सैनी भाटखेड़ी ने कहा जिस समय महिलाओं को अशिक्षित और पर्दे में रखा जाता था,ऐसे कठिन समय में कठिन परिस्थितियों में गरीब परिवार की महिला ने संघर्ष किया। शिक्षित बनी, शिक्षा का प्रचार किया और महिला संघर्ष का इतिहास रचा। सोमपाल ने कहा माता सावित्रीबाई फूले के संघर्ष और सामाजिक योगदान के इतिहास को जिंदा रखना हमारा कर्तव्य है।




**रोहतक।** महात्मा ज्योतिराव फूले कोचिंग संस्थान, सुखपुरा चौक, रोहतक में आज माता सावित्री बाई फूले जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया , इसमें मुख्य अतिथि के रुप में सुप्रीम कोर्ट के निर्भया केस में वकील रही बहन सीमा समृद्धि कुशवाह जी शामिल हुई और शिक्षा की देवी माता सावित्री बाई फूले जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुरे देश को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और समाज के उत्थान के लिए अपने विचार व्यक्त किए और यश फाउण्डेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम और संचालित निशुल्क कोचिंग संस्थान के लिए संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे समाज में महत्मा ज्योतिराव फूले जी के बाद कितने ऐसे शिक्षा के नि:शुल्क कोचिंग संस्थान शुरू हो पाएं जिनसे हमारे बच्चे तैयारी कर नौकरी लग पाएं ? इसके साथ ही उन्होंने देश की '49 फीसदी आबादी' महिलाओं के सामाजिक अधिकारों और उनकी सुरक्षा पर अपनें विचार व्यक्त किए, मंच संचालन लै संगठन के फाउंडर देवेंद्र सैनी ने किया इस अवसर पर एमडीयू से संस्कृत विभाग की विभागध्यक्ष सुनीता सैनी, रक्त दान में विश्व रिकार्ड बना चुके आर्मी से रिटायर्ड कैप्टन सुरेश सैनी करनाल, भीम सिंह सैनी करनाल, मंगत राम सैनी जिला अध्यक्ष झज्जर,एमजीपी कोचिंग के लिए जगह नि: शुल्क दान करने वाले इण्डियन टॉवर के एमडी दानवीर बुधराम सैनी, सुखपुरा वाले, हरियाणा पुलिस से रिटायर्ड एएसपी ईश्वर सैनी, प्रोफेसर ज्योति सैनी, काजल सैनी, सुनीता सैनी, जिमनास्ट की राष्ट्रीय खिलाडी मानसी सैनी के साथ और भी गणमान्य व्यक्ति और कोचिंग सेंटर के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रही सभी ने माता सावित्री बाई फूले जी जयंती चित्र को पुष्प अर्पित कर और लड्डू मिठाई प्रसाद ग्रहण कर मनाई ।




## सावित्री बाई फूले जन्मदिवस पर 54 प्रतिभाओं का सम्मान

**सादड़ी।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला ने कहा कि भारत गौरव सावित्रीबाई शिक्षा व महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत थी। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाना है। वे रणकपुर रोड स्थित माली समाज की वाडी में माली समाज गोडवाड़ युवा संस्थान सादड़ी द्वारा आयोजित प्रथम सावित्रीबाई फूले शिक्षा सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। सांखला ने कहा कि सावित्री बाई फूले पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होंने माली समाज गोडवाड़ युवा संस्थान सादड़ी द्वारा आयोजित सावित्री बाई फूले शिक्षा सम्मान समारोह को समाज जागृति में मील का पत्थर बताया। ज्योतिबा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने सावित्रीबाई फूले को सरस्वती का साक्षात अवतार बताते हुए सावित्रीबाई फूले के शिक्षा व समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला।

माली जाति शिक्षा प्रचारक संघ फालना के प्रधान एडवोकेट अमृत परिहार ने सावित्रीबाई फूले व ज्योतिबा फूले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को






सरकार तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया। एडवोकेट रुपमति देवड़ा ने सावित्रीबाई फूले के कार्यो से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह में मिश्रीलाल सोलंकी, यशोदा परिहार, संतोष गहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता माली समाज गोडवाड़ युवा संस्थान सादड़ी के संरक्षक विजयसिंह माली ने की। इस अवसर पर भामाशाह मदन लाल गहलोत,अमृत गोयल, मोतीलाल टांक, मांगीलाल गोयल, मांगीलाल गहलोत पार्षद, मोतीलाल रुपाजी माली सुमेरपुर,रमेश सांखला सोजत,रेखा माली पार्षद रानी का भी बहुमान किया गया। फूले के बताए मार्ग पर चलने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प समारोह में सभी ने फूले के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान अध्यक्ष किशनलाल देवडा, सचिव कालूराम गोयल, कोषाध्यक्ष जसराज गहलोत, सह संरक्षक शांतिलाल देवड़ा, सरोज, सुमित्रा, सरिता, दीपिका, शिल्पा, प्रज्ञा, संगीता, प्रियंका समेत 54 स्नातक स्नातकोत्तर महिलाओं व बालिकाओं को सावित्रीबाई फूले शिक्षा सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया। समारोह से पूर्व बालिकाओं के लिए भाषण, निबंध, चार्ट निर्माण व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भंवरलाल टांक,रमेश गहलोत, रुपचंद गहलोत, भंवरलाल गोयल, कैलाश गहलोत, बंशीलाल आदि मौजूद थे।

**अलवर।** माता सावित्रीबाई फूले जी की 191 वी जयंती पर आज महात्मा ज्योतिबा फूले विद्या आश्रम (सैनी छात्रावास, तूलेडा रोड,अलवर) तथा महात्मा ज्योति राव फूले सेवा समिति के तत्वधान में विद्या आश्रम पर माता सावित्री बाई फूले की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर




माल्यार्पण कर मनाया गया। उसके उपरांत छात्रावास में एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस इस विचार गोष्ठी की मुख्य वक्ता अलवर शहर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती श्वेता सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा की माता सावित्रीबाई फूले एक समाज सुधारक, शिक्षाविद और कवयित्री भी थी। उन्हें भारत की प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव भी प्राप्त है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सैनी ने बताया कि वे अपने पति महात्मा ज्योतिराव फूले के साथ भारत में महिलाओं के अधिकारों को बेहतर बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। इस विचार गोष्ठी में महात्मा ज्योतिराव फूले छात्रावास के संरक्षक मनमोहन सैनी, अध्यक्ष रामप्रसाद सैनी, कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, महामंत्री एडवोकेट अशोक सैनी, महात्मा ज्योतिराव फूले सेवा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट नरेश सैनी सहित समाज के अनेक गणमान्य तथा छात्रावास के विद्यार्थी शामिल रहे।

### मातृ शक्ति के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन न्यौछावर करने वाली माता सावित्रीबाई फूले को बार-बार नमन - अशोक गर्ग

**हिसार।** देश की प्रथम महिला अध्यापिका माता सावित्रीबाई फूले की 191वीं जयंती पर माता सावित्रीबाई फूले सोशल वेलफेयर सोसायटी और सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा शूरसैनी पार्क में समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में हिसार के महापौर गौतम सरदाना, नगर निगम आयुक्त अशोक कमार गर्ग आईएएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह, डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, पूर्व मंत्री सर्व हरि सिंह सैनी व अतर सिंह सैनी और विभिन्न वार्डो के पार्षद शामिल हुए।

कार्यक्रम में माता सावित्रीबाई फूले की याद में हवन किया गया। इसमें मुख्य यजमान मुकेश सैनी मोनू व उनकी धर्मपत्नी अनिता सैनी थे। हवन का आयोजन आर्य समाज के विद्वान ब्राहमण कर्मबीर शास्त्री और लालदेव शास्त्री द्वारा करवाया गया। इसके उपरांत सावित्री बाई फूले मार्ग का नामाकरण विधिवित रूप से किया गया। इस कार्य के लिए नगर निगम के पाषदों, मेयर, डिप्टी मेयर तथा निगम आयुक्त को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि आज हम महान देवी माता सावित्रीबाई फूले का जन्मदिवस मना रहे हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन मातृ शक्ति के उत्थान के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्हें नारी शिक्षा को लेकर समाज में भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा था। नारी जाति को शिक्षित करने के लिए अपना जीवन न्यौछावर करने वाली ऐसी महान देवी के जन्मदिवस पर हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जितना हो सके ज्यादा से ज्यादा शिक्षित किया जाना चाहिए और आपसी भाईचारे को बढाना चाहिए। इस दौरान निगम आयुक्त अशोक गर्ग ने कहा कि महान देवी माता सावित्रीबाई फूले का 3 जनवरी 1831 को नाय गांव खंडाला जिला सितारा महाराष्ट्र में हुआ। उन्होंने 1841 में शिक्षा शुरू की और 1 जनवरी 1848 को लडकियों के लिए देश का पहला स्कल पूणे के भिलेवाडा में खोला। सावित्री बाई फूले इस स्कूल और देश की पहली महिला शिक्षिका थी। उन्हें महिलाओं को शिक्षित करने और समाज में सुधार करने के लिए विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजजूद भी उन्होंने हौंसला नही गिराया और छुआछूत की भावना को दूर करने के लिए नारी जाति को शिक्षित करने के लिए बिना किसी भेदभाव अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। ऐसी महान देवी को बार-बार नमन है। उन्होंने अनेक सामाजिक कार्य किए, 1854 में काव्य फूले कविता संग्रह प्रकाशित किया। 1855 को किसानों और मजदूरों के लिए रात्रि पाठशाला शुरू की। 1863 में भ्रूण हत्या पर प्रतिबंधक गृह आरंभ किया। 1868 में अछूतों के लिए अपने घर में पानी के लिए कुआं खुदवाया। उन्होंने प्लेग महामारी के दौरान 1897 में पुणे महाराष्ट्र में बहुत कार्य किया। इस दौरान 10 मार्च 1897 में प्लेग से ग्रस्त मरीजों की सेवा करते हुए उनका निधन हो गया। माता सावित्रीबाई फूले के सेवा और सामजिक कार्य को हर व्यक्ति को पढना चाहिए जिससे समाज को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान एडवोकेट मुकेश सैनी ने उपस्थित व गणमान्य लोगों को अभिनंदन किया। अन्त में डिप्टी मेयर व वार्ड 4 के पार्षद अनिल सैनी मानी ने कार्यक्रम में शिरकत करने व कार्यक्रम की शोभा बढाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कोरोना वॉरियर पूनम उमरा को स्वास्थ्य सेवा में और कोरोना से बचाव के लिए विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। खेलों में क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने पर जागृति सैनी को सम्मानित किया। कार्यक्र में डॉ. रामकुमार सैनी, डॉ. ज्ञान सिंह सैनी, डॉ. विवेक सैनी, मुकेश सैनी आबकारी निरीक्षक, सरोज बाला, रेनू सैनी, सुलोचना सैनी, गीता बाली, ममता सैनी, उषा सैनी, मीना सैनी, वीना सैनी, राजबाला, संतोष, कुसुम सैनी, पूनम सैनी व अन्य मौजूद थे।

### माली समाज सिरोही के युवाओं ने फूले दंपति का जिला मुख्यालय पर स्मारक के लिए दिया जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**सिरोही।** सावित्री बाई फूले की 191 वी जयंती पर उनकी प्रतिमा के आगे पुष्पांजली अर्पित कर उनको नमन किया, तथा उसके बाद सिरोही जिला मुख्यालय पर उनके नाम से एक भी चौराहा तथा उनकी प्रतिमा स्थापित नही होने से समाज में काफी रोष था, बाल कल्याण समिति




सदस्य एडवोकेट प्रकाश माली ने बताया कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं दलितो में शिक्षा की ज्योत जगाने वाले फूले दंपति माता सावित्री बाई फूले एवं ज्योतिबा फूले जिन्होनें शिक्षा जगत में नारी शिक्षा की नींव रखी। फूले दंपति ने अपने जीवनकाल में बहुजन समाज की शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया तथा पिछडो, अछूतो की महिलाओं की शिक्षा के लिए अभूतपूर्व कार्य किया गया। सन् 1890 में ज्योतिबा फूले के परिनिर्वान के बाद सावित्री बाई फूले ने उनके सामाजिक व धार्मिक सुधार के आंदोलन तथा सत्य शोधक समाज के कार्य को ढता से आगे बढाया तथा प्लेग की बीमारी में भी रोगीयो की सेवा करते हुए 10, मार्च 1897 को सावित्री बाई का भी परिनिर्वाण हो गया। इस प्रकार फूले दंपति द्वारा शिक्षा, समाजसेवा इत्यादि के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए है। युवा नेता जयंति माली ने बताया कि जिला मुख्यालय पर सावित्री बाई फूले व ज्योति बा फूले के नाम से आज तक एक भी सर्कल जिला मुख्यालय पर नही होना यह सिरोही का दुर्भाग्य हैं, जिसके लिए सभी शिक्षित लोगो को आगे आना होगा, जिसने महिलाओं को अपने अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, तथा इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल माली ने बताया कि सावित्री बाई फूले अपने जीवन काल में बहुजन समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत रही है तथा उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में जो क्रांति लाई थी, उसी की बदौलत आज हम सभी युवाओं और हमारी बहन बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम पर है, इसके बाद सभी की अगुवाई में जिला कलेक्टर सिरोही के मार्फत माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन देकर सभी बातों से अवगत करवाया तथा उसके बाद आयुक्त व सभापति को भी एक ज्ञापन देकर इस कमी से अवगत करवाया गया, इस अवसर पर ताराराम माली, छगन लाल माली,संजय माली एडवोकेट, प्रफुल्ल माली एडवोकेट, सुरेश सगरवंशी पार्षद, प्रतिपक्ष नेता मगन लाल मीणा, बहुजन समाज के संयोजक सुन्दरलाल मोसलपुरीया, आदी उपस्थित रहें।

## सावित्री बाई फूले की जयंती पर माली सेना महिला मोर्चा द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित..

**ब्यावर**। माली सेना महिला मोर्चा ब्यावर द्वारा देश की प्रथम शिक्षिका समाज सेविका माँ सावित्री बाई फूले की जयंती पर ब्यावर के केसरी नन्दन गार्डन पर माली सेना महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू गहलोत के नेतृत्व में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। माली सेना महिला मोर्चा ब्यावर अध्यक्ष शालिनी सांखला के अनुसार सर्वप्रथम मा सावित्री बाई फूले ओर महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर माला पहनाकर ओर दिप प्रज्ज्वलित करके उन्हें महिला मोर्चा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सभापति शशि बाला सोलंकी ने सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने और समाज मे उस समय फैली कुरीतियों को समाप्त करने का श्रय सावित्री बाई फूले को दिया ओर समाज उत्थान में सावित्री बाई फूले के सहयोग की सरहाना की। ओर माली सेना महिला मोर्चा द्वारा आयोजित आज के कार्यक्रम की तारीफ करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दिलवाया। माली सेना जिलाध्यक्ष मंजू गहलोत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सावित्री बाई फूले ऐसी शख्स थी जिन्होंने समाज द्वारा लड़कियों की शिक्षा के विरोध के बावजूद उन्हें शिक्षित करने का प्रण लिया। उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। सावित्रीबाई फूले एक ऐसी ही शख्स है जिन्होंने स्त्री शिक्षा के लिए न केवल संघर्ष किया बल्कि पहली बार उनके लिए बालिका विद्यालय की भी स्थापना की।

माली सेना महिला मोर्चा ब्यावर अध्यक्ष शालनी सांखला ओर विस्वा चौहान द्वारा भी सावित्री बाई फूले के जीवन पर आधारित संगोष्ठी करने और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को सावित्री बाई फूले के मार्गदर्शन पर चलने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में अनेक तरह के खेल कूद आयोजित किये गए जिसमे समाज की महिलाओं और बच्चो ने भाग लिया ओर आयोजित कार्यक्रमो की सराहना की। संगठन द्वारा समाज की बेटियों का भी सम्मान किया गया जिनके द्वारा हाल ही के दिनों में खेल के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन किया था। कार्यक्रम में मंजू गहलोत, शालिनी सांखला, विस्वा चौहान, रंजना चौहान, जय श्री दगदी, उर्मिला भाटी, सावित्री, सुमन भाटी, नोरती पालड़िया, रिंकू पालड़िया, घेवरी बाई भाटी, दीपा सोलंकी, संगीता माली, रंजना चौहान, मंजू ,गीता, सुमन आदि समाज की महिलाए उपस्थित थी।

**छबड़ा**। आज दिनांक 3 जनवरी 2022 को श्री फूल मालीयान समाज धर्मशाला छबड़ा में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री फूले जी की 191 वीं जयंती स्वरूप 'महिला शिक्षा दिवस' का कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए दीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।। जिसमें बालिका शिक्षा पर जोर दिया गया, माता सावित्रीबाई फूले जी की जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। माता सावित्री बाई फूले अमर रहे, अमर रहे, और भारत माता की जय के नारे लगवाए गए। यहां उपस्थित श्री फूल मालियान समाज के अध्यक्ष रघुवीर सुमन, उपाध्यक्ष संजय सुमन, राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र सुमन, जिला सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुमन, ABVP इकाई उपाध्यक्ष पवन सुमन, नगर सोशल मीडिया संयोजक जितेंद्र सुमन, पूर्व समाज अध्यक्ष घनश्याम सुमन, उपाध्यक्ष लड्डू सुमन, और विशेष प्रकाश सुमन, धर्मचंद, सुमन भगवान सुमन शंकर, सुमन बजरंगी धन्ना लाल सुमन आदि यह सभी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सावित्रीबाई फूले जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित

**बांगड़**। महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच के तत्वावधान में राजस्थान विद्या मन्दिर संस्थान माध्यमिक विद्यालय में माँ सावित्रीबाई फूले की 191वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सावित्रीबाई की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंड़िया थे। अध्यक्षता सैनी समाज कल्याण संस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत्त एईन जीआर सैनी ने की। विशिष्ट आतिथि के रूप में चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़, जिला कांग्रेस प्रवक्ता मुरारी सैनी, सुनील शर्मा उपाध्यक्ष, नगरपालिका, रामकरण सैनी कृषि अधिकारी झुंझुनूं, सुरेंद्र सैनी भामाशाह, ओमप्रकाश सैनी प्रधानाध्यापक, सुभाष बुंदेला पार्षद, डॉ. सत्येंद्र आल्हा, नरेश शर्मा महामंत्री भाजपा, मन्नालाल बागोरिया निदेशक, अजय सिंह शेखावत पार्षद, वीरेंद्र गुढ़ा पार्षद, नरेश विजयपुरा, संजय सैनी सरपंच, लाम्बा गोठड़ा उपस्थित थे। मंच संरक्षक महेन्द्र शास्त्री ने अतिथि परिचय तथा स्वागत भाषण किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।

मंच के संरक्षक महेंद्र शास्त्री, उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, सचिव मुकेश सैनी, संगठन मंत्री मनोज चंदोलिया, मीडिया प्रभारी नरेश सैनी, सहायक कोषाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, शिक्षा सचिव प्रदीप सैनी, दुर्गादत्त सैनी, पूर्व पार्षद बाबू लाल सैनी, इंजी. मुकेश सैनी, अनिल आल्हा, नीरज आल्हा, जयकरण सैनी, मग्गाराम सैनी सलाहकार,




ब्यावर

चतर सिंह बिजारणिया, डॉ रमाकांत शर्मा, महेंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ अध्यापक सुशील सैनी, अध्यापक अजित सैनी, शा.शि चन्द्रप्रकाश शर्मा, व्यवस्थापक सुनीता सैनी, वरिष्ठ अध्यापक अनिता सैनी, चन्द्रिका प्रजापति, पूजा शर्मा, लीलाधर सैनी,पेन्टर बजरंगलाल सैनी,निर्मला सैनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने कहा कि सावित्रीबाई फूले ने दलितों,शोषितों,वंचितों के लिए जीवनभर संघर्ष करते हुए अनेक विद्यालयों की स्थापना की। वक्ताओं ने कहा कि फूले दम्पत्ति भारत रत्न के वास्तविक हकदार हैं उन्हें यह सम्मान देना चाहिए। कार्यक्रम में कोरोना काल के दौरान आयोजित ऑनलाइन निबंध, पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। महिला उत्थान में सावित्रीबाई फूले का योगदान विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही पूजा शर्मा, द्वितीय अंजू सैनी, तृतीय शिवानी सैनी को नगद पुरुस्कार, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। राष्ट्र नायिका सावित्री बाई फूले का योगदान विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही पूजा सैनी, द्वितीय मोनिका सैनी व तृतीय स्थान पर रही अंजु सैनी को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रो. हितेश सैनी को रक्तदान के क्षेत्र में बहतरीन कार्य व अनुप्रयुक्त भौतिकी पुस्तक के लेखन के लिए, राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक रामप्रताप सैनी, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिय प्रधानाचार्य उमा पुरोहित तथा भामाशाह व समाजसेवी प्रधानाचार्य अनिता सैनी का अभिनंदन किया गया। मंच की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मनीता तंवर को सावित्रीबाई फूले अवार्ड से नवाजा गया। आल्हा परिवार की ओर से विद्यालय निदेशक महेंद्र शास्त्री, व्यवस्थापक सुनीता सैनी का अभिनंदन करते हुए सावित्रीबाई फूले की स्वहस्त निर्मित तस्वीर भेंट की।

इस अवसर पर बॉक्सर राकेश सैनी, पूर्व पार्षद सुरेश सैनी, विजेंद्र सैनी, उम्मेद सिंह झाझड़िया,सत्यनारायण स्वामी, हरीश, सुरेंद्र सैनी सहित विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्रा तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंच के सचिव व्याख्याता मुकेश सैनी तथा नरेश सैनी ने किया। मंच के शिक्षा सचिव प्रदीप सैनी ने आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

**पुष्कर।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने संबोधित करते हुये कहा कि भारत की पहली ऐसी महिला शिक्षिका थीं, जिन पर दलित लड़कियों को पढ़ाने पर पत्थर और कीचड़ फेकें गए, पर वे अपने कर्तव्य से जरा विचलित नहीं हुई और अपना पढ़ाने का कार्य जारी रखा। उन्होंने कवयित्री के रूप में काव्य फूले, बावनकशी सुबोधरत्नाकर दो काव्य पुस्तकें लिखीं। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी ने कहा कि स्त्री आंदोलन की सूत्रधार क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले ने स्त्री विरोधी कुरीतियों को ध्वस्त कर समाज में नई चेतना व महिलाओं में शिक्षा की ज्योति जगाने हेतु आजीवन संघर्ष किया। महिला सशक्तिकरण को समर्पित उनका जीवन राष्ट्र की प्रेरणा का केंद्र है। कार्यक्रम में पार्षद जयनारायण दग्दी,पुष्कर नारायण भाटी,धीरज जादम,संजय दग्दी,रूपचंद मारोठिया,सुखदेव प्रसाद मारोठिया,सूरज दग्दी, राहुल उबाणा, नंद किशोर कुँवाल,टीकम चौहान,आशीष तंवर,पवन टांक, राधेश्याम इंदौरा,ह्र खेमचंद उबाणा, गोपाल भाटी,सीताराम सतरवाला,शिवा भाटी सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान किशनगढ़ में विधायक कोष से छात्रावास भवन हेतू सहयोग व शिलालेख का अनावरण

**किशनगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्थान किशनगढ़,अजमेर के तत्वावधान में छात्रावास भवन निर्माण कार्यक्रम में किशनगढ़ विधायक माननीय सुरेश टांक जी ने 5,00,000 (पांच लाख .) विधायक कोष द्वारा सहयोग राशि व शिलालेख का अनावरण किया। 'मृत्युभोज' कुप्रथा को बंद करने का प्रण लेने का साहसिक कदम उठाते हुये एवम् पूर्व मे घोषणा कर चुके किशनगढ़ के समाजबन्धुओं द्वारा अपनी माताजी स्व.श्रीमती गुलाब देवी पत्नी स्व. रामदेव दगदी मालियों की ढाणी, गांधीनगर के मरणोपरांत मृत्युभोज ना कर इनके चारो सुपुत्रों मोहन लाल दगदी (वरिष्ठ अध्यापक), कन्हैया लाल, नंदकिशोर (फौजी साहब) ओर जसराज सैनी (प्रेरणा स्कूल) वालो की ओर से 2,01,000 (दो लाख एक हजार रुपए) नगद राशि शिक्षण संस्थान को छात्रावास भवन निर्माण कार्य के लिए दिये। नकद राशि विधायक माननीय सुरेश टांक की उपस्थिति मे शिक्षण संस्थान अध्यक्ष को कार्यक्रम मे भेंट की। कार्यक्रम मे मंच का संचालन छोटे लाल सांखला ने किया। शिलालेख का अनावरण व छात्रावास भवन निर्माण उद्घाटन समारोह मे हेमेंद्र सिंगोदिया, प्रदीप कच्छावा, आकाश तंवर,आस्तिक अजमेर समाजबंधुओं का माला व साफा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।

विधायक सुरेश टाक ने अपने अतिथि सम्बोधन मे कहाँ कि आपने कांग्रेस व भाजपा पार्टियों को छोडकर निर्दलीय विधायक के रूप मे मुझे चुना हैं मै आप सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहता हूँ, सरकारी कोष से जितना हो सके माली समाज बंधुओं की मदद करुंगा। अगले वितीय वर्ष मे एक ओर कमरा बनवाने कि घोषणा करता हूँ। मेरे पांच सालों के कार्यकाल मे नया किशनगढ़ बनाना चाहता हूँ, इसके लिए आपका सहयोग व आशिर्वाद चाहुंगा। मै राजनीति मे शुद्दता लाना चाहता हूँ। समारोह में संस्थान के अध्यक्ष कानाराम उबाणा, छोटूलाल सांखला, छीतरमल गहलोत एवम् अन्य समाजबंधु वर्तमान पार्षद, पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार, सरकारी महकमे के सदस्य मौजूद रहे।

## माली समाज बीकानेर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाल माता सावित्री बाई को किया याद

**बीकानेर।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की जयंती से एक दिन पूर्व रविवार को श्री भैरु सेना द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। अध्यक्ष प्रदीप कच्छावा ने बताया कि माली समाज द्वारा निकाली गई यात्रा का आगाज गोपेश्वर बस्ती माली सैनी समाज शिव पार्वती मंदिर से हुआ। सावित्री बाई फूले के संदेशों को प्रचारित करते हुए वाहनों पर गोपेश्वर बस्ती, लक्ष्मीनाथ मंदिर, दांती बाजार, नया कुआ, कोटगेट, स्टेशन रोड होते हुए गोगागेट स्थित माली सैनी समाज भवन पहुंचे। शोभायात्रा में रामझरोखा कैलाशधाम के महंत महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज, विलासनाथ महाराज व उपमहापौर राजेन्द्र पंवार का सानिध्य रहा। रैली का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

रैली में महिलाओं व युवाओं की अधिकता समाज की जागरुकता को दर्शा रही थी। इस दौरान लोगों ने सावित्री बाई फूले को पुष्पांजलि अर्पित की तथा शिक्षा व समाज को एकजुटता का संदेश दिया गया। वहीं दूसरी ओर सावित्री बाई फूले की 191वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल शोभायात्रा का टीम मदन गोपाल मेघवाल लोकसभा क्षेत्र बीकानेर द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्री बाई फूले की 191वीं जयंती


छाबड़ा


पुष्कर

पर माली समाज भवन गोगागेट पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। इसमें समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, वरिष्ठ नागरिक, युवा संगठन, राजनीतिक पार्टियों में भाजपा व कांग्रेस के समाज के नेतागण आदि शामिल हुए। विकास तंवर ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते राजस्थान सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत मां सावित्री बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। उसके बाद गणमान्य लोगों ने माता सावित्री बाई फूले व उनकी शिक्षाओं को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों ने एक सुर में फूले दंपति को भारत रत्न देने की मांग उठाई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि 36 बिरादरी का भाईचारा बनाये रखना समय की जरूरत है। दरअसल महापुरूष, समाजसेवी व समाजसेविकाएं सबके सांझे होते हैं। माता सावित्री बाई फूले ने तो समाज में शिक्षा की अलख जगाते हुए समाज में विशेष योगदान दिया। हमें उनके आदर्शो को अपनाते हुए उनके बताए रास्ते पर चलते हुए अच्छे कार्य करने चाहिए और बुराइयों को समाज से जड़मूल से उखाड़ना चाहिए।

**बीकानेर।** आज मां सावित्री बाई फूले की 191 जयंती पर बीकानेर से आए अतिथियों ने सावित्रीबाई फूले की शिक्षा के क्षेत्र में समाज को जागृत करना एक समाज को अलग पहचान दिलाना समाज के निर्माणाधीन भवन को संपूर्ण करने के लिए समाज के लोगों ने आर्थिक सहायता की घोषणा की माली समाज युवा संगठन के सदस्यों महेंद्र सैनी धर्मेंद्र गहलोत सुरेंद्र परिहार जितेंद्र गहलोत जगदीश पवार ओम प्रकाश गहलोत दिनेश पवार रामचंद्र गहलोत लक्ष्मण गहलोत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया  माली समाज के वरिष्ठ सदस्य लाल चंद गहलोत मोतीलाल गहलोत शूरवीर सिंह गोपी किशन परिहार बलदेव तंवर बाबू लाल गहलोत फतेह चंद गहलोत घनश्याम तवर घनश्याम खडगावत इंदर चंद तंवर आदि ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया।


किशनगढ़

इस अवसर पर माली समाज भवन गोगागेट अध्यक्ष तेजरतन भाटी, शक्तिसिंह कच्छावा, विकास तंवर, घनश्याम गहलोत, गिरिश गहलोत, पंकज गहलोत, सांगीलाल गहलोत, शिव गहलोत, तेजरतन गहलोत, कैलाश गहलोत, पवन भाटी, राजकुमार खड़गावत, दिनेश कच्छावा, अशोक कच्छावा, संदीप भाटी, महेश तंवर, प्रदीप कच्छावा, जीतू बीकानेरी, केशव गहलोत, योगेश सांखला, नारी शक्ति एवं समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। गंगाशहर स्थित डॉ. अंबेडकर वूमन एसोसिएशन की ओर से सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। एसोसिएशन की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता हटीला ने सावित्री बाई फूले की जीवनी के बारे में बताया। महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर सोहनी देवी, मंजू देवी मेघवाल, सुशीला देवी, संतोष देवी, सरस्वती देवी, प्रियंका, सरला आदि ने विचार रखे। शादी के बाद शिक्षा, खेल व नौकरी में नाम कमाने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे महात्मा ज्योतिबा फूले माली (सैनी) समाज संस्थान बीकानेर संस्थान अध्यक्ष पूनमचंद तंवर ने इस अवसर पर घोषणा की कि सावित्री बाई फूले की स्मृति में शादी के बाद शिक्षा, खेलकूद व सरकारी नौकरी लगने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद भाटी, विमल चौहान, राजेश गहलोत, मनोज सांखला, झंवर लाल टाक, मोहन लाल परिहार, काशीराम भाटी, गौरी शंकर पंवार, सुशील कच्छावा, शिव रतन गहलोत आदि उपस्थित थे।

**नोखा।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका का 191 जन्म दिवस के उपलक्ष में माली सैनी समाज नोखा के द्वारा माली समाज भवन में एक कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मां सावित्री बाई के भारत के समाज और शिक्षा में जो योगदान है उसके संबंध में प्रकाश डाला गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीकानेर नगर निगम के राजेंद्र पंवार उपमहापौर, चंदू भाटी भामाशाह समाज सेवी बीकानेर, विशेष अतिथि इंद्रजीत प्रदेश अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय मानव आयोग राजस्थान, कैलाश गहलोत जिलाध्यक्ष माली सैनी समाज महासभा, बीकानेर पार्षद अनुपसिंह गहलोत, महिला शक्ति शीला देवी, ललिता देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोखा माली सैनी समाज जेठमल गहलोत, मंच संचालन सुशील सांखला ने किया।

**नारनौल।** स्लम जागृति समिति पटीकरा के तत्वावधान में पटीकरा में सर्वप्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले का जन्मदिवस मनाया गया। समिति के अध्यक्ष भागीरथमल खनगवाल ने कहा कि, सावित्री बाई फूले ने उस वक्त शिक्षक बनकर महिलाओं को शिक्षित बनाने की मुहिम शुरू की, जब महिलाओं को घर की चारदीवारी तक ही रखा जाता था। हमें उनके इस दिशा में किए योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। उनके बताये मार्ग पर चलकर वर्तमान समय में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का कार्य करना चाहिये, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक तथा योगा किया। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए सिलाई सिखाने


बीकानेर


बीकानेर


बीकानेर




के प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया तथा गरीब महिलाओं को शाल वितरण किये गये।

इसके अलावा सर्व समाज ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री सावित्रीबाई फूले की जयंती समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने सावित्रीबाई फूले ने सामाजिक कुरीतियों का निवारण करने के लिए बाल विवाह के प्रति समाज को शिक्षित और उन्मलन करने- सती प्रथा के खिलाफ प्रचार करने व विधवा पुनर्विवाह के लिए पुरजोर वकालत की। पुष्प अर्पित करने वालों में समिति के प्रमख सलाहकार शिवनारायण मोरवाल, प्यारेलाल चवन, विरदी चंद गोठवाल, सुमेर गोठवाल, विपिन चौधरी समेत अनेक सदस्य शामिल रहे। सैनी धर्मशाला नारनौल में सावित्रीबाई फूले के जन्मदिवस पर कार्यक्रम में रामनरेश सैनी ने कहा कि साक्षात विद्या की देवी का चित्र सभी विद्यालयों व घरों में होने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को इनके द्वारा दिखाए गए मार्गो व जीवन के संघर्षो का पता चले।

**नीमच।** फूल माली समाज की आराध्य देवी सावित्री बाई फूले की जयंती सोमवार को समाजजन ने मनाई। कन्या शाला में आयोजित समारोह में समाज की प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अतिथि विधायक माधव मारू ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को सावित्री बाई फूले के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा समाज व देश की महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए किए संघर्ष से प्रेरणा ले। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए योजना लागू की है। आज का समय इंटरनेट का है। हमें हर प्रकार की जानकारी पलक झपकते मिल जाती है। आगे बढ़ने के लिए हमें लगन व लक्ष्य का निर्धारण करना पड़ेगा। बीआरसी प्रमुख बीएल बसेर ने सावित्री बाई फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण कन्हैयालाल मंडावरा ने दिया। राष्ट्रीय फूले विग्रेड के नंदकिशोर महावर, प्रदेश प्रभारी सुभाष उत्प्रिया, प्रदेश अध्यक्ष संजय जलिया राघोगढ़, सतीश माली, ओंकारलाल माली, प्रेम बनोया, राकेश माली, मनोहर माली उपस्थित थे। संचालन प्रेम बनोता ने किया। आभार जिला प्रमुख बलवंत महावर ने माना। फूलेजयंती पर बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए नीमच देश की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका व मराठी कवियत्री, समाज सेविका सावित्रीबाई ज्योतिराव फूले की जयंती सोमवार को शासकीय उमावि पालसोड़ा में प्राचार्य एमके पाटनी की उपस्थिति में मनाई। महावीर पुस्तकालय वस्त्र-वितरण समिति ने स्कूल के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए। शिक्षक कन्हैयालाल व्यास ने फूले के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना अक्षरा जाटव, सलोनी चौहान, खुशी मालवीय ने प्रस्तुत की। रमा शमा, रतन सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह शक्तावत सहित स्टाफ उपस्थित था।

**सोजत।** माली समाज की प्रेरणा से स्थानीय समाज भवन मे माता सावित्रीबाई फूले की 191 जयंती पर मेडिकल शिविर का शुभारंभ सन्त शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज एवं ज्योति बा फूले एवं माता सावित्रीबाई की पूजा अर्चना सन्त श्री चेतन गिरी महाराज , चौधरी नैनाराम चौहान, नेनाराम टाक, ताराचंद सैनी, सोहनलाल टांक, धुलाराम पालरिया, मोहनलाल टांक, श्याम गहलोत, आनन्द भाटी, सोहनलाल गहलोत, किशनलाल पालरिया, गोरधनलाल गहलोत, लक्ष्मण पालरिया, उन्दरराम देवड़ा, जितेन्द्र कच्छवाह,मदन सोलंकी आदि द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। मेडिकल कैम्प माली समाज सोजत सिटी एवं श्री राम हॉस्पिटल जोधपुर पाली के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। महासभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सांखला ने बताया कि श्री राम हॉस्पिटल के डॉ सुनील चांडक, डॉ रवि इनाणिया, डॉ ओ पी चौधरी, डॉ पंकज गुप्ता, डॉ नवीन सीरवी, डॉ प्रतिभा सुराणा, डॉ अशोक सैनी, डॉ गणपत गहलोत, डॉ



विकास सोमानी, डॉ अमित भंडारी, डॉ सुमन गालवा ,डॉ अम्बर भटनागर डॉ रामधन जांगिड़ आदि सेवाएं दी।

समाज के चौधरी ताराचंद सैनी ने बताया कि मेडिकल शिविर के साथ समाजिक एकता एवं सावित्रीबाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला गया एवं मंच के माध्यम से फूले दम्पत्ति को भारत रत्न देने की मांग की ओर सावित्रीबाई फूले भारत की प्रथम महिला शिक्षका होने के कारण जन्मदिन पर राजकीय अवकाश की मांग की गई। फूले ब्रिगेड प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र परिहार ने बताया की कैम्प 18. उम्र वालों की कोरोना वैक्सीन टीकाकरण से 143 व्यक्ति लाभान्वित हुए। आनन्द भाटी ने अवगत कराया कि निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर में 372 मरीजों की जांच की गई। जयंती के अवसर पर समाज के सम्पूर्ण पाली जिले से पधारे अतिथि सुमेरपुर से अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, महेश परिहार, चेतन फालना से चम्पा लाल दुजाना से शंकरलाल मारवाड़ जंक्शन से अध्यक्ष नेनाराम चौहान, कुपाराम चौहान, नत्थराज गहलोत, घीसूलाल परिहार, चण्डावल से भंवरलाल सवराड़ से नारायण भाटी रामलाल परिहार पाली से मिश्री लाल सोलंकी पप्पूराम सोलंकी जैतारण से वैणाराम तुलसाराम बासणा से डुगाराम, पाचुण्डा से हिम्मताराम, कुनाराम पार्षद ऐश्वर्या सांखला, रामलाल सांखला जगदीश सोलंकी आदि का स्वागत अभिनंदन किया गया। कैम्प को सफल बनाने में कानाराम परिहार, महेंद्र पालरिया, राजेश टांक,दिनेश गहलोत, गिरधारी गहलोत, लक्ष्मण भाटी, राजेश सांखला,नरपत तंवर, जगदीश सांखला, प्रेमचंद परिहार, हरिकिशन चौहान, विप्लव टांक, दिनेश परिहार,ललित गहलोत,बाबुलाल पालरिया, रामचंद्र सोलंकी, अजय सांखला, श्याम परिहार, चेनाराम सांखला, आदि द्वारा सहयोग किया।




सोजत



पाली

श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर जोधपुर व माली संस्थान जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान आयोजित

# समाज का सप्तम् सामूहिक विवाह समारोह 2022 कोविड–19 की अनुपालना में सभी 7 जोड़े मय तुलसी विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न






जोधपुर। श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर जोधपुर व माली संस्थान जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस बार 7 जोड़े मय तुलसी विवाह कार्यक्रम अलग–अलग समयानुसार 5 गार्डन में कोविड–19 की सख्त पालना में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ।

समिति के मिडिया प्रभारी जगदीश देवड़ा व राकेश सांखला द्वारा समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला अनुसार बताया किया समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सप्तम् सामूहिक विवाह श्री नारायण सेवा समिति एवं माली संस्थान जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 18.01.2022 को आयोजित किया गया। कोविड–19 की अनुपालना को सख्ती से पालन करते हुए इस बार समिति द्वारा 07 जोड़े व एक तुलसी विवाह किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत समिति के संत जनों व गणमान्य सीमित व्यक्तियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम प्रात: 9.15 बजे एस.बी.होटल में पंडित राजू शर्मा द्वारा सभी 7 वधुओं के साथ गणेश पूजन, घृतपान के साथ शुरू होगा। शेष कार्यक्रम–बन्दोली, बारात स्वागत, आशीर्वाद समारोह, जल–पान, पाणिग्रहण संस्कार आदि एस.बी. होटल, सूरजगढ़ प्रथम, सूरजगढ़ द्वितीय, संगम गार्डन में हुआ। जोड़ा नं. 1 व 2 का पाणिग्रहण संस्कार एस.बी.होटल व जोड़ा नं. 3, 4, 5, 6, 7 मय तुलसी विवाह का पाणिग्रहण संस्कार हरिओम गार्डन में आर्य समाज महर्षि पाणिनी नगर, गोकुल जी प्याऊ के शिवसिंह आर्य व महेन्द्रसिंह आर्य द्वारा कैलाश आर्य के नेतृत्व में अलग–अलग समयानुसार हुआ।

कार्यक्रम में कथावाचक सुश्री ममता देवी, राज्यसभा सांसद राजेन्द्रसिंह गहलोत, समाजसेवी नरेन्द्रसिंह कच्छवाह का अभिनन्दन व सम्मान किया गया। समिति द्वारा आये हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का अभिनन्दन व सम्मान किया गया।

समिति अध्यक्ष मनोहरसिंह साँखला व उपाध्यक्ष सुखसिंह कच्छवाह के नेतृत्व में (1.) एस.बी.होटल में : जयन्त साँखला, सांवलसिंह साँखला, हरीसिंह गहलोत–चौधरी, प्रेमसिंह परिहार, नरेन्द्र परिहार, धर्मसिंह गहलोत, हर्षित साँखला, प्रेमाराम सोलंकी, तारासिंह साँखला, हनुमानसिंह गहलोत–मिस्त्री, पृथ्वीसिंह गहलोत, राजूराम गहलोत, (2.) सूरजगढ़ प्रथम में : अक्षयसिंह टाक, चेतन गहलोत, जयसिंह गहलोत, मुकेशराज गहलोत–एस.बी.आई., बलवीरसिंह भाटी, हेमसिंह सांखला, भंवरचंद सोलंकी, कुशजीत कच्छवाह, प्रवीण गहलोत, विनोद गहलोत (3.) सूरजगढ द्वितीय में: विरेन्द्रसिंह देवड़ा, सम्पतसिंह भाटी, मनीष रांकावत, रमेश भंडारी, ब्रह्मसिंह चौहान, राकेश सांखला, कुन्दन गहलोत, राजेश कच्छवाह, अनिल कच्छवाह, रामेश्वर सांखला (4.) संगम गार्डन में : धनराज बागरेचा, खींवजी परिहार, संदीप चौहान, जगदीश परिहार, अन्तुराम गहलोत, महावीर सांखला (5.) हरिओम गार्डन का प्रभार : कैलाश आर्य, जवरीलाल भाटी, ज्ञानसिंह गहलोत, रमेश गहलोत, आदि को दी गई। महिला मण्डल में श्रीमती लीलावती भाटी, श्रीमती कैलाश साँखला, श्रीमती सीमा कच्छवाह, श्रीमती मधु साँखला, श्रीमती अरूणा कच्छवाह, श्रीमती अनिता परिहार आदि के सहयोग रहेगा। भोजन का प्रभार मोहनसिंह गहलोत, छंवरसिंह गहलोत, प्रेमसिंह गहलोत–पप्पसा को दिया गया। काउंटर का प्रभार एस.बी.गार्डन में दिलीपसिंह गहलोत व राधाकिशन सोलंकी को दिया गया और सूरजगढ़ प्रथम में प्रेमसिंह सोलंकी, गोपालसिंह गहलोत, भगतसिंह चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान माली संस्थान जोधपुर, मुस्कान सेवा समिति ब्रज बावड़ी, विश्व हिन्दू परिषद् मण्डोर प्रखण्ड, रामतलाई विकास समिति, पूंजला नाडी विकास समिति एवं समस्त स्थानीय दैनिक मिडिया प्रभारियों का सहयोग रहा।

पाणिग्रहण संस्कार में सभी जोड़ों को समिति के सात फेरों संग आठ संकल्प–बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ, पर्यावरण संरक्षण–तुलसी/गिलोय पौधा वितरण, नशा मुक्ति : धूम्रपान–गुटका निषेध, पॉलीथीन बहिष्कार–विवाह प्रांगण से दूरी, संस्कार संवर्द्धन–गीता पुस्तक वितरण, झूठन से तौबा–झूठा नहीं छोड़ेगें–इसके लिए पुरस्कार, स्वच्छ भारत संकल्प–गली–घर की सफाई का संकल्प, जीवन रक्षा–सभी का बीमा/एफ.डी करवाई गई।

सम्पूर्ण कार्यक्रम में सभी जगह कोविड–19 की सख्ती से पालना करते हुए सभी गार्डन में सीमित सदस्य, सैनेटाईजर, मॉस्क, सोशल डिस्टेसिंग आदि का ध्यान समिति प्रभारियों द्वारा रखा गया और सरकारी निर्देशों की पालना करवाई गई।

समिति अध्यक्ष श्री सांखला ने सभी कार्यकर्त्ताओं, पदाधिकारियों, सहयोगी संस्थाओं, भामाशाह, दानदाताओं आदि की तरफ से सभी नवदम्पत्ति जोड़ों को उपहार–समिति के माध्यम से वर–वधु को 20 तोला चांदी के आभूषण सहित 11,000/–की एफ.डी. व आशीर्वाद के साथ विदा किया गया। भव्य आयोजन के लिए माली सैनी संदेश परिवार की ओर से आयोजन समिति का बारंबार आभार अभिनंदन।

राजस्थान हाईकोर्ट जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाह के मुख्य आतिथ्य में

# फुटपाथ एवं रैन बैसेरों में रहने वाले परिवारों को 150 कंबलें बांट नए साल को मनाया मयूर ध्वज संस्था ने







जोधपुर। जो फुटपाथ पर अपनी हर एक रात बितातें हैं, हल्की सी आहट से ही जाग जाते हैं। और जब पातें हैं तन्हा खुद को बेबसी की इस जंग में, तो इस बेबसी से लाचार किसी कोने में सिकुडकर ठण्ड को मिटाते हैं। लेकिन जब मंच है तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है। अब मारवाड़ी युवा मंच पहुंचेगा हर एक जरूरतमंद तक मारवाड़ी युवा मंच मयूर ध्वज शाखा जोधपुर जिलाध्यक्ष योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच मयूर ध्वज शाखा जोधपुर एवं नवजीवन संस्थान द्वारा साई मंदिर भूरी बेरी मंदिर जोधपुर में दूध, बिस्किट एवं कंबलों का वितरण किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि राजस्थान हाइकोर्ट न्यायाधीश देवेन्द्र कच्छवाह, होम्योपैथी के विख्यात डॉ. रामसिंह सोलंकी, माली सैनी समाज सेवा संस्थान प्रदेशाध्यक्ष मनीष गहलोत, नवजीवन संस्थान से युवा उद्यमी सोरभ परिहार एवं समाज सेवी लक्ष्मण सिंह टाक, कॉन्ट्रेक्टर जुगलपाल, हाइकोर्ट अधिवक्ता सुभाष परिहार, अनन्ता योग - आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की पूरी टीम सहित कहीं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कंबल वितरण का कार्य किया गया।

मनीष गहलोत ने बताया कि न्यायाधीश महोदय ने साई बाबा के दर्शन कर, मूर्ति पर कंबल ओर दूध चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में लगभग 150 जरूरतमंद लोगों की सहायता की गई। न्यायाधीश महोदय ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि इस हाड़ कंपाने वाली सर्दी में अगर हमें बिना बिस्तर के एक रात कहीं बाहर गुजारनी पड़े तो सोचिए क्या होगा? सिर्फ सोचने मात्र से ही रूह कांप जाती है। पर ऐसे कितने जरूरतमंद लोग होंगे, जिनके पास रहने के लिए छत नहीं है बिछाने-ओढ़ने के लिए बिस्तर नहीं है। और ये लोग इस ठंड में पूरी रात बाहर ठिठुरते रहते हैं। यह उनकी बेबसी है, लेकिन हम बेबस नहीं हैं, मारवाड़ी युवा मंच कॉटन सिटी सूरतगढ़ शाखा द्वारा कंबल बैंक की स्थापना करके पूरे प्रदेश में कंबल वितरण करने के लिए प्रदेश की दूसरी शाखाओं को कंबल भेजे गये और जोधपुर शाखा के जिलाध्यक्ष युवा योगाचार्य श्याम भाटी एवं उनकी पूरी टीम ने एक ऐसे मंच से जुड़कर मानव सेवा के जो कार्य किया है उसके लिए उनका हृदय से आभार अभिनंदन। नववर्ष की पावन बेला पर सेवा के इस शुभ कार्य से जुड़कर बहुत अच्छा लगा और आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस अवसर पर श्री सूर्यनगरी साई धाम संस्थान के अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह राठौड़ ने सर्दी के प्रकोप से प्रभावित हो रहे गरीब लोगों को वितरित की गई कंबलों के लिए आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए संस्थान प्रांगण में सामाजिक सरोकार के लिए माननीय न्यायाधीश देवेन्द्र कच्छवाह, मनीष गहलोत एवं श्याम भाटी के साथ सभी का आभार प्रकट किया। मंदिर पुजारी श्याम प्रसाद ने न्यायाधीश देवेन्द्र कच्छवाह को शॉल ओढ़ाकर बहुमान किया गया। यह कंबल वितरण का कार्यक्रम जोधपुर के भूरी बेरी स्थित साई धाम के आस पास की कच्ची बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए किया गया था। साथ ही दूर दराज से रास्ते में गुजरने वाले घूंमतू परिवारों को भी नवजीवन संस्थान के सोरभ परिहार एवं लक्ष्मण सिंह टाक ने घूम घूम कर सड़क किनारे डेरा डाले परिवारों को भी कंबल का वितरण किया।

# राव हेमा गहलोत नें विकट परिस्थितियों में अपनी दूरदर्शिता से मातृभूमि, प्रजा व धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्परता से मुकाबला किया – जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाह







जोधपुर। सैनिक क्षत्रिक माली सांस्कृतिक संवर्धन एवं इतिहास शोध संस्थान जोधपुर के सानिध्य में अंलकरण एवं विमोचन समारोह मिनी ओडिटोरियम सूचना केन्द्र में रविवार 26.12.2021 को आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाहा ने कहा कि राव हेमा गहलोत नें विकट परिस्थितियों में अपनी दूरदर्शिता से मातृभूमि, प्रजा व धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्परता से मुकाबला किया। बलिदानी गोरां धाय नें अपनी एक मात्र पुत्र को देशहित में कुर्बान कर दिया। ऐसी बलिदानी महिला पर संस्थान की ओर से पुरस्कार व सम्मान देना महापुरूष ही नहीं समाज व राष्ट्र भी गौरवांवित होता है। संत श्री अमृताराम जी महाराज ने संतो पर आनन्द सिंह परिहार द्वारा लिखित "राजस्थान के संत शिरोमणि" पुस्तक लोकापर्ण कर कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी अग्रेजी को ज्यादा महत्व देने के कारण बच्चे भी हमारे संस्कृति व मायड़ भाशा को भूलते जा रहे है। बालको को बचपन से ही संत-सानिध्य में रहकर संस्कारों को धरण करने की प्रेरणा देनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि अविनाश गहलोत विद्यायक जैतारण ने कहा हमें अपने इतिहास पुरूषों कों नही भूलना चाहिए उनके त्याग व बलिदान से प्रेरणा लेकर सभ्य व समृद्ध समाज बनाने की कोशिश करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी संत-सती- शूर के दिखाए मार्ग पे चलने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि सुनील परिहार ने कहा कि समाज में अवतरित सभी महापुरूषों का इतिहास सवंर्धन कर प्रचार-प्रसार करना चाहिए। विलुप्त हो रही हमारी संस्कृति को बचाने की प्रेरणा हमें इन्हीं महापुरूषों के द्वारा मिलती है। विक्षिष्ट अतिथि डॉ. आई दान सिंह भाटी ने कविता के माध्यम से मरूधरा के वीरों की गाथा प्रस्तुत की कठिन परिस्थितियों में मातृभूमि के लिए अपना सबकुछ निछावर कर देने के लिए तत्पर रहते थें इस अवसर पर दीप सिंह भाटी ने कहा कि गोरां धाय के बलिदान की गाथा को डिंगल काव्य के माध्यम से उनकी कृतत्वों का बखान किया। संस्थान के अध्यक्ष आनन्द सिंह परिहार ने वीर शिरोमणि हेमा गहलोत के 629 वर्ष पूर्व मण्डोर पर से विदेशी आक्रांताओं से मुक्त करवाने में अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। अपनी पुस्तक राजस्थान के संत शिरोमणि में सैनिक क्षत्रिय समाज के 26 संतों के जीवन वृतांत की विस्तृत जानकारी दी। नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा ने मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई गोरां धाय ग्रुप फोस्टर योजना व कक्षा 10 में गोरां धाय के कतृत्व को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर आभार व्यक्त किया और सभी महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन आनन्द सिंह परिहार ने किया।

**जसधारी गोरां धाय पुरस्कार गीता माली व सम्मान भाटी को**

श्री राजेन्द्र गहलोत सांसद की अध्यक्षता में आयोजित अंलकरण एवं विमोचन समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2020 से पुरूस्कृत श्रीमति गीता कुमारी को जसधारी गोरां धाय पुरस्कार से सम्मानित किया गया यह पुरूस्कार विषम परिस्थितियों के बावजूद ग्रामीण बच्चों में शिक्षा, शैक्षिक, नवाचार, महिला सुरक्षा, विद्यालय हेतू भूमिदान व आधारभूत सुविधा उपलब्ध करवाने जैसे अतुल्यनीय कार्य के लिए दिया गया। पुरूस्कार के रूप में दी जाने वाली राशि रूपयें 11000/- मात्र प्रथम पुरूस्कार से पुरूस्कृत सुश्री लता कच्छावाह पुत्री हुक्म कच्छावाह द्वारा भेंट की गई। गीता देवी को नकद राशि, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जसधारी गोरां धाय सम्मान साहित्यकार ''दीप'' सिंह जी भाटी को गोरां धाय टाक के ऐतिहासिक प्रेरणादायी कृतित्व को वृतचित्र द्वारा अपने व्यूटूयब चैनल डिंगल रसावल के माध्यम से जनजन तक पहुँचाने का अनुकरण योगदान कि लिए दिया गया। भाटी को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनकी पुस्तक "फफती प्रेम कथावां" का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् प्रेम सिंह कच्छावाहा, मोहन सिंह रतनू, दिनेश सिंधल, कर्नल ज्ञान चौधरी, रामेश्वर गिरी महाराज, श्रीराम जी महाराज व गणमान्य उपस्थित थे।

## समाज के भामाशाह कच्छवाह परिवार का शिक्षा के लिए रु11लाख रुपये की राशि देने पर बारम्बार आभार अभिनंदन



सावित्री बाई फूले की 191वीं जयंती पर आपका यह सहयोग शिक्षा के प्रति आपके समर्पण दर्शाता है। श्रीमती सीता देवी कच्छावाह पार्षद वार्ड नंबर 34 पीपाड़ शहर के सुपुत्र श्री दिनेश जी कच्छावाह, सुरेश जी कच्छावाह, राजेंद्र जी कच्छावाह (राज ग्रुप आफ कंपनीज) के द्वारा माली (सैनी) शिक्षा सेवा संस्थान छात्रावास खेजड़ला रोड, पीपाड़ शहर , में निर्माणाधीन भवन हेतू 11 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समस्त माली सैनी समाज आपका आभार प्रकट करता हैं हमें आपके परिवार पर गर्व है



## हार्दिक अभिनंदन!

# स्व. ई. श्रीमान पुखराजजी सांखला के परिवारजनों द्वारा सर्व समाज अस्पताल हेतु करोड़ों की भूमि दान देने पर हार्दिक आभार ...

माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष हमारे आदर्श परम आदरणीय स्व. श्री ई. पुखराज साँखला साहब के सपनें को साकार करते हुए आज उनके परिवार जनों ने इस नव वर्ष के अवसर पर साँखला परिवार ( बिंजवाडिया ) द्वारा स्वर्गीय दुर्गाराम, कानाराम साँखला (परदादोसा) की स्मृति में राजकीय अस्पताल बिंजवाडिया हेतु 5.25 बीघा मुख्य सड़क पर स्वयं की खातेदारी भूमि का निशुल्क समर्पण करी । परिवार के सभी सदस्यों के लिए आज का दिन अत्यंत हर्ष और उल्लास का दिन है यह दिन साँखला परिवार के लिए मील का पत्थर साबित होगा । चिकित्सालय हेतु भू दान करने के लिए सांखला परिवार, बिंजवाड़िया का ह्दय की गहराइयों से साधुवाद। साँखला परिवार का यह अनुकरणीय कार्य क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं में बढ़ोतरी के मील का पत्थर तो साबित होगा और साथ ही अन्य महानुभवों को भी समाज सेवा हेतु अभिप्रेरित करेगा। आज निश्चित रूप से हमारे आदर्श व परम आदरणीय स्व. श्री ई. पुखराज जी साँखला साहब का एक और सपना पूर्ण हुआ हैं। साहब ने समाज सेवार्थ असंख्य सपनें देखें थे और आखिरी साँस तक उन्हें पूरा करने के लिए संघर्षरत थे, पर होनी को कुछ और ही मंजूर था। लेकिन मुझें गर्व हैं कि उनका परिवारउनके अधूरे सपनों को पूरा करने हेतु निरन्तर समर्पित हैं ।

**स्व. पुखराज जी सांखला को मेरा कोटिशः वंदन... साँखला परिवार के सभी सदस्यों का ये अनन्य सेवा भाव व समर्पण भविष्य में भी यूं ही बना रहे ।**



# समाज की प्रगति के लिए इतिवृत व परम्पराओं की जानकारी जरुरी– पूर्व मंत्री भगत

## 'कुलदेवी कुलदेवता वर्णन' पुस्तक का विमोचन




लाडनूं। बिहार राज्य के पूर्व मंत्री बसावन प्रसाद भगत ने कहा है कि समाज की एकता और प्रगति के लिए जहां मूल संस्कृति और इतिवृत के बारे में जानकारी होनी आवश्यक है। हमारी परम्पराएं हमारी पीढी में संस्कार निर्माण का कार्य करती है। वे वरिष्ठ पत्रकार व लेखक जगदीश यायावर कृत पुस्तक 'कुलदेवी कुलदेवता वर्णन' पुस्तक का विमोचन कर रहे थे। बिहार राज्य भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ललिता देवी कुशवाहा ने पुस्तक को हर घर में सदैव रखने लायक उपयोगी बताया तथा कहा कि लेखन कार्य सामाजिक जरूरत है और लेखन को बढावा दिया जाना चाहिए।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गजानन्द कुशवाहा ने पुस्तक को उपयोगी बताया। खेतड़ी के पूर्व विधायक पूरण मल सैनी ने कहा कि पुस्तकों का समाज के लिए बहुत महत्व होता है। यायावर ने इस दिशा में अच्छा प्रयास किया है। झुंझुनूं के उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी ने भी इसे उपयोगी बताया। प्रारम्भ में पुस्तक लेखक जगदीश यायावर ने पुस्तक की विषय सामग्री पर प्रकाश डाला तथा बताया कि कुलदेवी व कुलदेवता की सोच व परम्परा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जिसके सबूत सिंधुघाटी सभ्यता के काल में भी प्राप्त होते हैं। देश की प्रत्येक जाति में गौत्रवार कुलदेवियां और कुलदेवता होते हैं, जहां देश के किसी भी हिस्से में रह रहे परिवार वर्ष में एक बार अपनी कुलदेवी के स्थान पर अवश्य पहुंचते हैं। इस पुस्तक विमोचन के अवसर पर हरियाणा के अटल बिहारी कुशवाहा, कैलाश चंद सैनी, राजेन्द्र सैनी चूरू, राजकुमार सैनी चूरू, पीथाराम सैनी नवलगढ, कुलपति डा. महेश शर्मा, कूलम कला प्रकाशन की सुमित्रा आर्य, अनोखा सैनी, सुमन सैनी आदि उपस्थित थे।

### कुशवाहा महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक में एक विवाह-नीति बनाने का निर्णय

# महिलाओं को राजनीति ही नहीं प्रत्येक क्षेत्र में आगे लाने की आवश्यकता- ललिता कुशवाहा

### सैनी, शाक्य, कुशवाहा, मौर्य, माली के बीच परस्पर विवाह सम्बंधों पर जोर





लाडनूं। अखिल भारतीय कुशवाहा (सैनी( महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष गजानंद सैनी की अध्यक्षता में सूरजगढ (झुन्झनूं) में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बसावन प्रसाद भगत थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश की महिला प्रदेशाध्यक्ष ललितादेवी कुशवाहा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अटलबिहारी कुशवाहा, हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष गंगासागर कुशवाहा, पूर्व जिला उपप्रमुख बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक पूरणमल सैनी व छात्रनेता विनोद सैनी नीमकाथाना थे।

सामुहिक ध्वजारोहण, ध्वजगान एवं महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले के चित्र पर दीप-प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक तहसील स्तर पर समितियां व कार्यकर्ता सामाजिक सम्पर्क व बैठकों तथा विद्वानों की राय लेकर एक सर्वसम्मत विवाह-नीति लागू करने का निर्णय लिया गया। समाज में चार गौत्रों के कारण वैवाहिक रिश्तों में आने वाली समस्या के हल के लिए सिर्फ दो ही गौत्रों को छोड़कर रिश्ता किया जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही समाज की आर्थिक उन्नति के लिए साझा व्यापार नीति के रूप में एक अर्थ-नीति तैयार किए जाने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही सहकारी समितियों का गठन करके उनमें समाज बंधुओं को कुशवाहा, सैनी, माली, मौर्य, शाक्य आदि नामों से पुकारे जाने वाले समाज का मुखपत्र के रूप में एक मासिक पत्रिका और एक दैनिक अखबार के प्रकाशन का निर्णय भी लिया गया।

महासभा के संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा करते हुए जिला, तहसील और ग्रामीण क्षेत्र स्तर पर महासभा की इकाइयों का गठन किया जाने, सदस्यता अभियान चलाने और सप्ताह में एक दिन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा समाज हित में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बसावन प्रसाद भगत ने बैठक में अपने सम्बोधन में कहा कि समाज की एकता पर बल देते हुए बैठक के विचारणीय बिन्दु विवाह-नीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विवाह के लिए योग्य रिश्ता ढूंढने में आ रही परेशानियों को देखते हुए कहा कि यह जरूरी है कि परस्पर किए जाने वाले रिश्तों में कुछ ढील दी जाए। उन्होंने शाक्य, मौर्य, सैनी, कुशवाहा, माली आदि नामों से पुकारे जाने वाले सारे समाज की एकता के लिए परस्पर वैवाहिक सम्बंधों को आवश्यक बताया। साथ ही विवाह सम्बंधी कुरीतियों के निराकरण पर भी ध्यान देने के लिए हर क्षेत्र में सामाजिक स्तर पर निर्णय करने की जरूरत बताई।

बिहार प्रदेश की महिला प्रदेशाध्यक्ष ललितादेवी कुशवाहा ने समाज में महिलाओं को राजनीति ही नहीं प्रत्येक क्षेत्र में आगे लाने की आवश्यकता बताई। पूर्व उप जिला प्रमुख बनवारीलाल सैनी ने आर्थिक नीति की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि समाज की ताकत बढाने के लिए ऐसी नीति बनाई जानी चाहिए कि राजनीति में भी आगे आने वाले प्रत्याशी को वोट के साथ नोट भी देकर उसकी जीत सुनिश्चित की जा सके।

पूर्व विधायक पूरणमल सैनी ने भी संगठन की एकता पर बल दिया तथा कहा कि प्रदेश भर में महासभा का फैलाव जरूरी है। इसी से हम हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे। प्रदेश सचिव जगदीश यायावर ने कहा कि पूरे प्रदेश में समाज का एक संगठन मजबूत बनाने से समाज की मजबूती स्वत: ही उभर आएगी। प्रदेशाध्यक्ष गजानन्द सैनी ने महासभा के निर्णयों से अवगत करवाते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपनी पूरी क्षमता का प्रयोग संगठन हित में करें और समाज की प्रगति सुनिश्चित करें। कार्यक्रम आयोजक झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष कुलपति डॉ. महेश सैनी ने अंत में आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेशाध्याक्ष गंगासागर कुशवाहा, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अटल बिहारी कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष गजानन्द सैनी, चूरू जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सैनी, छात्र नेता विनोद सैनी, नागौर महिला जिलाध्यक्ष पार्षद सुमित्रा आर्य लाडनूं, एडवोकेट श्रवण सैनी, राजकुमार सैनी नवलगढ, विनोद सैनी जयपुर, प्रहलाद सुईवाल नवलगढ, पीआर सैनी चूरू, जगदीश यायावर लाडनूं, जगदीश सैनी झुंझुनूं, शंकरलाल सैनी पिलानी, सुमन सैनी, उषा सैनी बालोतरा, अनोखा सैनी एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुशवाहा महासभा के पदाधिकारीगण और महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरेश कुमार माली बनें युवा मण्डल अध्यक्ष



हैदराबाद। माली समाज युवा मण्डल, हैदराबाद सिकन्दराबाद (जालौर, सिरोही, बाडमेर) संगठन की साधारण सभा वैश्य भवन, फीलखाना में अध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उक्त जानकारी आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सचिव भगाराम सुंदेशा द्वारा दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, सभा में सर्वप्रथम अध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी ने सभी समाज बन्धुओं का स्वागत किया। सभा के प्रारम्भ में आगामी 28 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि एवं वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में चढ़ावे एवं बोलियाँ बोली गई। सभा में आगामी महाशिवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष बाबूलाल परमार ने समाज बन्धुओं के सम्मुख मण्डल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

वर्तमान पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना कार्यकाल समाप्त होने पर सभी समाज बन्धुओं द्वारा प्राप्त सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नूतन सत्र हेतु पदाधिकारियों के चयन हेतु उपस्थित समाज बन्धुओं से आग्रह किया गया। आगामी सत्र हेतु साधारण सभा द्वारा सर्वसम्मति से सुरेश कुमार माली को अध्यक्ष, पुखराज परमार को उपाध्यक्ष, चम्पालाल गहलोत को मंत्री, बाबूलाल परमार को कोषाध्यक्ष, कमलेश सुंदेशा को सहकोषाध्यक्ष, चेलाराम परिहार को सहमंत्री चुना गया। प्रचार मंत्री के रूप में कमलेश परिहार, हर्षन माली (लिंगमपल्ली), कानाराम माली (प्रगति नगर), सुनील कुमार परमार, गोपाराम परिहार, जोगाराम सोलंकी को नियुक्त किया गया। अंबालाल परमार (गोल) एवं लेहराराम सोलंकी को संरक्षक, भगवानाराम सुंदेशा, अंबालाल परमार (कुशीप) व बाबूराम सोलंकी को परामर्शदाता नियुक्त किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश कुमार माली ने उन्हें अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपने पर समस्त उपस्थित सदस्यों का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह सभी समाज बन्धुओं को साथ लेकर, सभी के सहयोग से समाज विकास व प्रगति के लिए कार्य करने का भरसक प्रयास करेंगे। नवनिर्वाचित समस्त कार्यकारिणी ने समाज बन्धुओं का आभार प्रकट करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। समाज के सभी वर्गो ने सुरेश कुमार माली के अध्यक्ष बनने पर माल्यापर्ण एवं साफा पहना उनका बहुमान किया और उनके साथ कंधे से कंधा मिला निकट भविष्य में आयोजित होने वाले सामाजिक आयोजनों में सहयोग का आश्वासन दिया। माली सैनी संदेश परिवार अध्यक्ष सुरेश कुमार माली के साथ ही नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

## सर्वसम्मति से नरेश गहलोत बनें अध्यक्ष



सोहना, 26 दिसम्बर। यहां पर सैनी समाज की आमसभा बैठक सैनी भवन प्रांगण में सूबेदार हुकम सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। देखने वाली बात ये रही कि सैनी समाज की इस आमसभा बैठक में पहली बार विभिन्न ग्रुपों व धड़ों में बटे लोगों ने पार्टीबाजी, ग्रुपबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर हिस्सा लिया और साफसपाट लहजे में एक ही बात रखी कि हमें अपना पूरा सैनी समाज एकजुट व संगठित चाहिए।

सैनी भवन का विकास चाहिए तथा सैनी समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर सरकारी व निजी क्षेत्र की नौकरियों में तरजीह चाहिए। ग्रुपबाजी व धड़ेबाजी से समाज को नुकसान पहुंचना लाजिमी है। इसलिए सभी धड़ों व ग्रुपों के लीडर अपने-अपने निजी स्वार्थो को दरकिनार कर सैनी समाज के हित में आगे आए। जिस पर सभी धड़ों व ग्रुपों के लीडरों ने समाज के लोगों की बातों से सहमति जताई और साफ कहा कि समाज में किसी भी कीमत पर राजनीति नही होनी चाहिए।

समाज सर्वोपरि है और समाज के हितों को सर्वोपरि रखते हुए वह किसी भी तरह का त्याग व कुर्बानी देने को तैयार है। जिसके बाद समाज के लोगों ने सर्वसम्मति और एक राय बनाकर सभी धड़ों व ग्रुपों की सहमति से नगरपालिका के चेयरमैन रहे नरेश गहलोत को सैनी सभा का अध्यक्ष चुन लिया।

नरेश गहलोत को सैनी सभा का अध्यक्ष चुने जाते ही समाज के लोगों के बीच उन्हे फूलमालाएं पहनाने और उनके साथ सेल्फी व फोटो लेने के लिए होड़ सी लग गई। समाजहित में सभी की सर्वसम्मति से किए गए निर्णय पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से नव निर्वाचित अध्यक्ष नरेश गहलोत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# समाज 5 साल शिक्षा और आरक्षण की लड़ाई पर खर्च करें फिजूल खर्चा बंद करें

## समाज को आरक्षण दिलाने के लिए कृत संकल्पित आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से शक्ति प्रदर्शन



भरतपुर। आज 12 जनवरी को शांति मैरिज होम बैर मैं करण सिंह सैनी, चेयरमैन भुसावर की अध्यक्षता में आरक्षण संघर्ष समिति की सैनी कुशवाहा शाक्य मौर्य सभी की मीटिंग की गई जिस का संचालन राम प्रताप सैनी ने किया। आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारीलाल सैनी एवं सह संयोजक वासुदेव प्रसाद कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा कछवाहा महासभा, मान सिंह सैनी उप चेयरमैन, लालाराम सैनी पूर्व पार्षद, चतुर सिंह सैनी पार्षद भरतपुर, मोहन सिंह कुशवाहा जिला परिषद सदस्य तिघरा, गिरिराज सिंह कुशवाहा जिला परिषद सदस्य, वीर बहादुर कुशवाहा सरपंच रूपबास, लीलाधर कुशवाहा सरपंच, दामोदर कुशवाहा पंचायत समिति सदस्य थाना खेड़ली, चंद्रभान कुशवाहा पंचायत समिति सदस्य वहरावली, रतन सिंह सैनी बल्लभगढ़, बने सिंह सैनी चेयरमैन वेर, मुकेश चंद सैनी चेयरमैन वेयर, राम प्रसाद कुशवाहा चहल, किशन सिंह कुशवाहा जिला महामंत्री दाहिना गांव, रामनिवास सैनी एडवोकेट जयपुर, श्रीमती निर्मला सैनी एडवोकेट जयपुर! रामस्वरूप कुशवाहा, पूरन सिंह कुशवाहा, टीकम सिंह कुशवाहा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह कुशवाह सहित सैकड़ों समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति थी।

चतर सिंह सैनी पार्षद भरतपुर ने कहा आरक्षण हमारा हक है हमें यह बहुत पहले मिल जाना चाहिए था लेकिन हमारे पूर्वजों ने संगठित होकर ध्यान नहीं दिया हम इसे लेकर ही रहेंगे तो चेयरमैन बने सिंह सैनी व मुकेश चंद सैनी ने कहा अब यह लड़ाई हम सब लोग संगठित होकर के लड़ेंगे और अगली मीटिंग में वेयर में 10,000 लोग इस मीटिंग में होंगे। किशन सिंह कुशवाहा जिला महामंत्री ने कहा हमें युवाओं की टीम बनाएंगे महिलाओं की टीम बनाएंगे सब मिलकर के इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे राम प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि अब हम पीछे नहीं हटेंगे चाहे हमें कुछ भी करना पड़े।श्रीमती निर्मला सैनी एडवोकेट ने कहा कि महिलाओं को साथ लेना पड़ेगा और नारी शक्ति एक बहुत बड़ी शक्ति है उन्होंने ऐलान किया महिलाओं की टीम बनाएंगे एक कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगे। बदन सिंह कुशवाहा ने कहा इस संगठन को हम गांव गांव ढाणी तक पहुंचाएंगे और एक बहुत बड़ी फौज खड़ी करेंगे और वह दिन दूर नहीं कि हम अपनी मांग को लेकर के ही रहेंगे। वासुदेव प्रसाद कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा हम लोग इस पर 4 साल से मेहनत कर रहे हैं और मुरारी लाल जी के नेतृत्व में इस लड़ाई को लड़ रहे हैं उन्होंने कहा कुशवाहा सैनी मौर्य हम सब एक बाप की संतान हैं शादी संबंध भले ही अपने तरीके से करें लेकिन इस लड़ाई को हम मिलकर के लड़ेंगे और हमारे सैनी भाइयों का अगर पसीना गिरेगा तो कुशवाहा समाज खून बहाने को तैयार हो जाएगा अब हमें किसी के बहकावे और बातों में नहीं आना है कहा हम गांधीवाद तरीके से इस लड़ाई को लड़ेंगे क्योंकि शिक्षा की देवी मां सावित्री बाई फूले महात्मा ज्योतिबा फूले की एवं हम लव–कुश की संतान है। बासुदेव प्रसाद कुशवाहा ने समाज से अपील की लगन टीका में जो सो डेढ़ सौ से लोग जाते हैं केवल और केवल 5 साल के लिए बंद हो जाए और यह पैसा पढ़ाई पर और आरक्षण की लड़ाई पर खर्च करें तो समाज की तस्वीर बदल जाएगी।

जो भरा नहीं है भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं पत्थर है जिसे स्वजाति से प्यार नहीं। हजारों की संख्या में बैठे सैनी कुशवाहा भाइयों ने तालियां एवं जयकारों के साथ पंडाल गूंज उठा। आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारी लाल सैनी ने कहा आप को डरने की बात नहीं है घबराने की बात नहीं है जनसंख्या की दृष्टि से हम पूरे राजस्थान में 12 परसेंट हैं तकरीबन डेढ़ करोड़ सैनी कुशवाहा मौर्य शाक्य राजस्थान में निवास करते हैं हमारा हक है हमें 12 परसेंट स्पेशल आरक्षण चाहिए उसे हमले करके रहेंगे उन्होंने समाज को भरोसा दिलाया कि आप को डरने की जरूरत नहीं है आपको घबराने की जरूरत नहीं है आप एकजुट हो जाइए और आपको आरक्षण मिलेगा ही मिलेगा । हमारी कोई पार्टी नहीं है जो पार्टी हम को आरक्षण दिलाने में सहयोग करेगी उसी पार्टी का सहयोग सैनी कुशवाहा समाज करेगा।

अंत में अध्यक्षता कर रहे करण सिंह चेयरमैन भुसावर वालों ने अध्यक्षीय भाषण में कहा रास्ता साफ है तो डरने की जरूरत नहीं है आप लोग सम्मिलित रहिए एकजुट रहिए संगठन में बहुत बड़ी शक्ति है और भीड़ को देख करके उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरक्षण आपको मिलेगा ही मिलेगा और सभी को धन्यवाद दिया आगामी मीटिंग 17 जनवरी को करौली जिले में सूरौठ में होगी यह ऐलान किया वह सभी से निवेदन किया एकजुट होकर के एसडीएम को ज्ञापन देने सबको चलना और काफिले के साथ सभी चल दिए। मुरारी लाल सैनी संयोजक एवं सह संयोजक वासुदेव प्रसाद कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में करण सिंह सैनी चेयरमैन साहब के सानिध्य में काफिले के साथ पैदल–पैदल सभी एसडीएम ऑफिस पहुंचे और एसडीएम को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा गया एसडीम ने कहा आपके ज्ञापन को तुरंत हम पहुंचाएंगे ताकि आपकी आवाज सरकार तक पहुंचे।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. सैनी को किया सम्मानित

# केयरवेल कार्यक्रम की सफलता पर डॉ. दलबीर सिंह सैनी को मिला सम्मान




हिसार। 26 दिसंबर जिले में बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों को घर पर ही सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए चलाए गए केयरवेल कार्यक्रम की सफलता पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ दलबीर सिंह सैनी को पुरस्कार मिला है। उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी की पहल पर चलाए गए इस कार्यक्रम की प्रदेशभर में प्रशंसा हो रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन दिवस पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में डॉ दलबीर सिंह सैनी को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने डॉ दलबीर सिंह सैनी के कार्य की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने प्रशासन की पहल पर केयरवेल कार्यक्रम में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने डॉ सैनी से कहा कि भविष्य में केयर गिवर के बारे में भी कार्य करने का प्रारूप बनाएं। इस अवसर पर एनआईसी निदेशक एमपी कुलश्रेष्ठ, सहायक निदेशक अखिलेश कुमार व समाज कल्याण विभाग से राकेश धवन भी उपस्थित थे। डॉ दलबीर सिंह सैनी ने कहा कि इस उपलब्धि व पुरस्कार का पूरा श्रेय उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी को जाता है। उपायुक्त ने बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रशासनिक कार्य के अलावा लीक से हटकर केयरवेल कार्यक्रम शुरू करवाया। इसके तहत सक्षम युवाओं की मदद लेकर घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों व बुजुर्गों से उनकी समस्याएं व जरूरतें जानी गई और उनकी समस्याएं व जरूरतें घर पर ही पूरा करने का प्रयास किया गया।



डॉ. दलबीर सिंह सैनी की पूर्व में भी अनेकों पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है जिसमें उन्होंने सिनियर सिटीजन की केयर, एच.आई.वी. /एडस, मनुष्य का व्यवहार जैसे प्रमुख प्रकाशन है इसके अलावा सो से अधिक रिसर्च पेपर्स का देश विदेश में प्रकाशन हो चुका है। डॉ. दलबीर सिंह को सोशल वेलफेयर के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है नशा मुक्ति के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दस बार हिसार प्रशासन ने आपको सम्मानित किया है।

आपके परिवार में धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. संगीता सैनी कॉलेज प्रिंसिपल है। आपके बड़े सुपुत्र डॉ. गौरव सैनी प्रशासनिक अधिकारी आई.ए.एस. के रूप में राजस्थान में सेवाएं प्रदान कर रहे है और छोटे पुत्र डॉ. सौरभ सैनी एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर अध्ययनरत है। माली सैनी संदेश परिवार की ओर से डॉ. दलबीर सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं आपका पूरा परिवार समाज व देश में सेवा कार्य कर हम सभी को गौरवान्वित कर रहा है।



# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर

श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
**श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत**
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर

# हार्दिक बधाई



तरुण सांखला को किंग बॉक्सिंग नेशनल चॅम्पिनसिप में कांस्य पदक जितने पर हार्दिक बधाई समाज के युवा खिलाडी का चयन वर्ल्ड कप के लिये होने पर उज्वल भविष्य की मंगल कामना।



मनीषा माली को उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



बीकानेर के युवा लाडले प्रणव गहलोत ने झुंझनु में आयोजित हुई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मिस्टर राजस्थान (जूनियर) का खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई अभिनंदन।



राधेश्याम परिहार को सहायक आबकारी अधिकारी AEO बनने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए



मोरपाल सुमन को बारां प्रधान बनने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनायें।



बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्याम भाटी योगाचार्य अनंता योग एवं अनुसंधान केन्द्र को राजस्थान गोरव अवार्ड 2021 से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।



Dermaceutics India Pvt ltd के डायरेक्टर युवा बिजनेसमैन सुरेश माली को आज मुम्बई के राजभवन में महाराष्ट्र सरकार के राज्यपाल महामहिम भगतसिंह कोश्यारी के हाथों से बिजनेस प्रोग्रेस - एचीवमेंट्स के लिए बेस्ट बिजनेस एवार्ड से नवाजा गया। सुरेश माली को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।




माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान पीपाड़ के सर्व सम्मति से निर्वाचित अध्यक्ष : गोबर सिंह कच्छावाह, उपाध्यक्ष : देवाराम टाक, सचिव : रामस्वरूप टाक, कोषाध्यक्ष : बंशीलाल मारोठिया सहित सभी पदाधिकारियों सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्धाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडनूं
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि ?**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि ?**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक __________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रू. 600/-** | **5 वर्ष रू. 1,500/-** | **आजीवन रू. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम __________

पता __________

फोन/मोबाईल __________ ई-मेल __________

ग्राम __________ पोस्ट __________ तहसील __________

जिला __________ पिनकोड __________

राशि (रूपये) __________ बैंक का नाम __________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक __________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक __________

हस्ताक्षर

**सुर्या होटल के पास, मोहनपुरा पुलिया, नई सड़क चौराहा, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**

**Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

## RATES

### Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

द्दह्हश्चक्रष्ह्स्ह्क्र

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : सुर्या होटल के पास, मोहनपुरा पुलिया, नई सड़क चौराहा, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**

# माली सैनी समाज के नव वर्ष 2022 कलेण्डर को हुआ विमोचन

## देश भर में फैले समाज की महा जनगणना अभियान जनवरी, 2022 से होगा शुरू

जोधपुर। माली सैनी समाज के नव वर्ष 2022 के कलेण्डर का विमोचन आज श्री कृष्ण मंदिर, रातानाड़ा में महंत रामप्रसाद जी महाराज एवं कथा वाचक देवी ममता जी के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्री देवेन्द्र कच्छवाहा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, जैतारण के युवा विधायक श्री अविनाश गहलोत, वरिष्ठ समाजसेवी नरेन्द्र कच्छवाह, श्री कृष्ण मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष इंद्रसिंह सांखला, पूर्व ठेकेदार संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र कच्छवाह सहित अनेकों प्रबुद्धजनों की उपस्थित थी। महंत रामप्रसाद जी महाराज ने इस बहुरंगीय कैलेण्डर के प्रकाशन के लिए बधाई प्रेषित करते हुए सभी को नव वर्ष की बधाई प्रेषित की और समाज के संतों महापुरूषों की अति महत्वपूर्ण जानकारी के प्रकाशन के लिए आभार प्रकट किया। न्यायाधीश देवेन्द्र कच्छवाह ने बहुरंगीय कलेण्डर के लिए बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि यह कलेण्डर सभी के लिए उपयोगी होगा इसमें समाज के ब्रह्मलीन संतो के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के साथ ही देश भर के समाज के राजनीतिज्ञों, महापुरूषों, उद्योगपतियों के साथ ही युवा खिलाड़ियों का परिचय प्रकाशित किया है यह एक अनुठा प्रयास है इसके लिए माली सैनी संदेश परिवार के साथ संपादक प्रकाशक मनीष गहलोत को बधाई। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने भी बहुरंगीय कलेण्डर की प्रंशसा करते हुए सभी को बधाई दी। युवा विधायक ने समाज के लिए माली सैनी संदेश पत्रिका के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं को समाज के सभी आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया और ऐसे प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया कि हमें हर माह समाज के सभी प्रबुद्धजनों के जन्म तिथि, पूर्वजों एवं महात्माओं की पुण्यतिथि की जानकारी उपलब्ध कराई गई है जो देशभर में फैले सभी समाज बंधुओं को नि:शल्क कलेण्डर के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। प्रकाशक मनीष गहलोत ने कलेण्डर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 16 वर्षो समाज के कैलण्डर का प्रकाशन किया जाता है इस बार के कलेण्डर में माली सैनी समाज के संत महात्माओं के साथ ही समाज के प्रबुद्धजनों के जीवनी की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। इस कलेण्डर का वितरण पूरे देश में समाज सेवियों के सहयोग से होता है और समाज के सभी वर्गो में उत्सुकता रहती है। इसके साथ ही इस आयोजन में सभी अतिथियों का स्वागत देश में पहली बार महात्मा फूले द्वारा पहनी जानी वाली पगड़ी और शॉल को ओढ़ा कर किया गया जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशसा की।



इसके साथ ही माली सैनी समाज सेवा संस्थान द्वारा समाज की राष्ट्रीय स्तरीय महा जनगणना का एप भी तैयार हो चुका है तथा नव वर्ष 2022 में जनवरी से समाज की देशव्यापी महा जनगणना का ऑनलाइन डाटाबेस तैयार किया जाएगा। जिसमें परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी के साथ ही उनके शिक्षा, सरकारी विभाग, व्यापार एवं अन्य उपयोगी जानकारी होगी तथा प्रत्येक परिवार का फैमली ट्री भी बनाया जाएगा। यह अभियान समाज के जनजागरण के साथ ही समाज की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक दिशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर माली सैनी समाज संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र परमार, जोधपुर जिला सचिव श्याम भाटी, वरि. उपाध्यक्षा श्रीमती रेखा परिहार, उपाध्यक्षा श्रीमती वंदना भाटी, श्रीमती मीना सांखला, श्रीमती सुधा गहलोत,, समाजसेवी ब्रह्मप्रकाश गहलोत, संस्था के कोषाध्यक्ष सुभाष गहलोत वरिष्ट प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारीगणों अशोक गहलोत, प्रकाश भाटी, राजेन्द्र सोलंकी, अर्जुन टाक, मुकेश भाटी, रामस्वरूप भाटी, हिम्मतसिंह गहलोत, दुलीचंद सोलंकी, विनीत भाटी, विशाल सांखला सहित सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में होम्पयोपैथी विषेषज्ञ डॉ रामसिंह सोलंकी, पार्षद मुकेश गहलोत, डॉ निधी परिहार, डॉ सतीश गहलोत, महेन्द्र माली, उद्योगपति अशोक पंवार, हीरालाल गहलोत, नरपत सिंह सांखला के साथ ही अशोक गहलोत, हिम्मत सिंह गहलोत सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## माली सैनी संदेश की अनूठी पहल सभी अतिथियों को महात्मा ज्योति बा फूले पगड़ी पहना किया सम्मानित



Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23

# समाजसेविका हिमांशी गहलोत का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

## कैंसर के मरीजों के लिए विग बनानें की अनूठी सेवा


हिमांशी गहलोत को आईकॉनिक वुमन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया

जोधपुर । सूर्यनगरी की बेटी समाजसेविका हिमांशी गहलोत का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। इन्वेटिव हेल्पिंग हैंड सोसायटी की फॉउंडर संस्थापक हिमांशी गहलोत को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सराहना पत्र भी दिया गया है।

समाज सेवा में सक्रिय हिमांशी गहलोत की पहल पर स्थापित इन्वेंटिव हेल्पिंग हैंड सोसायटी लगातार कैंसर मरीजों के हेयर डोनेशन जागरुकता को लेकर काम कर रही है। संस्था की ओर से किए गए सकारात्मक प्रयासों के बाद अब तक 600 से अधिक लोगों ने हेयर डोनेशन किया है। वही सोसायटी की ओर से 17 कैंसर मरीजों को नि:शुल्क विग दी गई है। हिमांशी गहलोत ने कहा कि इन्वेंटिव हेल्पिंग हैंड सोसाइटी का सतत प्रयास रहता है कि आमजन को हेयर डोनेशन के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि कैंसर थेरेपी में बाल गंवा चुके कैंसर मरीजों को विग देकर उनके दर्द को बांटा जा सके। समाज सेवा में अनुकरणीय कार्य करने पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा कर हिमांशी गहलोत ने अपनी जन्मस्थली जोधपुर का नाम रोशन किया है। इसके पूर्व भी हिमांशी अनेकों संस्थाओं द्वारा सम्मान प्राप्त कर चुकी है।




राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पुत्रवधु श्रीमती हिमांशी गहलोत धर्मपत्नी वैभव गहलोत राजनीतिक पृष्ठभूमि से होते हुए भी समाज सेवा के लिए ऐसे कार्य को चुना जिसमें कैंसर के मरीज जिनके बिमारी के कारण बाल उड़ जाते है ऐसे मरीजों के दर्द को हिमांशी गहलोत ने समझा और जोधपुर के साथ देश भर में बालों के विग बना कर उन्हें बांटने का कार्य किया है। श्रीमती हिमांशी गहलोत का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज होने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हिमांशी गहलोत अपने ससुर आदरणीय अशोक जी के पदचिन्हों पर चलते हुए अनेकों सामाजिक सेवा के कार्यो से आमजन की मदद कर रही है।

**हमें हिमांशी जी पर गर्व है जो परपीड़ा के दर्द को समझ सेवा के नित नए आयाम स्थापित कर रही है।**

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR